# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 16 मार्च 2025
संवत 2081, फाल्गुन कृष्णपक्ष 2 - मूल्य 2 रुपये
वर्ष-8, अंक 190 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ ये हैं दुनिया की सबसे खतरनाक झीलें, जहां मौत किस वक्त नसीब हो जाए,कोई नहीं जानता
नई पीढ़ी इंस्टाग्राम पर ज्यादा फोकस करती है ◀◀ 6


# खौफनाक : तीन बच्चों की हत्या के बाद पिता ने की आत्महत्या, दहशत



**संवाददाता**

**गिरिडीह :** जिला अंतर्गत पीरटांड़ थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी दो नाबालिग बेटियों और एक बेटे की हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली। रविवार सुबह इस हृदय विदारक घटना की खबर इलाके में फैली तो लोग सन्न रह गए। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। चारों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर हॉस्पिटल ले जाया गया है। यह घटना महेशलिट्टी गांव की है। मृतकों में 36 वर्षीय सनाउल अंसारी, सनाउल की दो बेटियां आफरीन परवीन (12 वर्ष) और जैबा नाज (8 वर्ष) एवं बेटा सफाउल अंसारी (6 वर्ष) शामिल हैं। सनाउल अंसारी की पत्नी दो दिन पूर्व गिरिडीह जिले के जमदहा गांव स्थित अपने मायके गई थी। अनुमान लगाया जा रहा है कि घटना रात दो-तीन बजे के आसपास की है। इसकी जानकारी रविवार की सुबह लोगों को तब हुई, जब रमजान की सेहरी के बाद भी सनाउल के घर में कोई हलचल नहीं होने पर पड़ोसियों ने उनके दरवाजे पर दस्तक दी। कोई आवाज न आने पर लोग किसी तरह अंदर घुसे तो सनाउल अंसारी को फांसी पर लटका पाया, जबकि उसके तीनों बच्चे वहीं मृत पड़े थे।

इसकी सूचना तत्काल पीरटांड़ प्रखंड के खुखरा थाने की पुलिस को दी गई। डुमरी के एसडीपीओ सुमित प्रसाद भी मौके पर पहुंचे। एसडीपीओ ने कहा कि प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि सनाउल ने अपने तीन बच्चों की गला दबाकर हत्या करने के बाद खुद फांसी लगाकर जान दी है। सनाउल राजमिस्त्री का काम करता था। इसके अलावा वह अपने घर में राशन और कपड़े की छोटी दुकान भी चलाता था। घटना की वजह क्या है, यह पता नहीं चल पाया है। सनाउल की पत्नी घटना की जानकारी मिलने पर गांव पहुंची है। पुलिस का कहना है कि उससे पूछताछ के बाद शायद घटना की वजह पता चल सकती है। पुलिस घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच में जुटी है।

# आपस में भिड़े दो पक्ष, एक युवक की मौत, कई घायल



**संवाददाता**

**रांची:** राजधानी के नामकुम थाना क्षेत्र में एक मामूली विवाद ने इतना तूल पकड़ लिया की दो गुट आपस में ही उलझ गए। दोनों गुट के बीच झड़प हुई। जिसमें एक युवक की मौत हो गई। वहीं आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं।

**14 को शुरू हुआ था विवादः** पूरा मामला 14 मार्च की शाम से जुड़ा हुआ है। 14 मार्च की शाम नामकुम रेलवे स्टेशन के पास स्थित एक शराब दुकान के सामने कुछ युवकों की आपस में लड़ाई हो गई। जिसके बाद काफी मारपीट हुई, हालांकि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला संभाल लिया था।

मारपीट करने वाले लोगों में जोरार बस्ती और नामकुम खटाल के लोग शामिल थे। लेकिन यह विवाद थमा नहीं और शनिवार को जोरार बस्ती के लोगों ने खटाल इलाके में हमला बोल दिया। जिसके बाद एक बार फिर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मामले की जानकारी मिलने के बाद भारी संख्या में पुलिस बल जब मौके पर पहुंची तो कुछ लोगों ने पुलिस वालों पर भी पथराव किया। जिसके बाद पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को खदेड़ा।

**इलाज के दौरान एक की मौतः** मारपीट में घायल लोगों को पुलिस के द्वारा अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जिसमें सोनू मुंडा नाम के युवक की मौत इलाज के दौरान हो गई। सोनू मुंडा को मारपीट के बाद सिर पर गंभीर चोटें आई थी। डीएसपी अमर कुमार पांडे ने बताया कि पुलिस ने इलाके में शांति व्यवस्था बनाए रखा है। मारपीट में शामिल 12 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया है। जो लोग भी इस मामले में दोषी होंगे, उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। मामले में लगातार गिरफ्तारियां जारी है।

## रांची में मिले दो शव , पत्थर मारकर हत्या की आशंका

**रांची :** राजधानी रांची के दो अलग-अलग इलाकों से दो व्यक्तियों के शव बरामद हुए हैं। संदेह है कि दोनों की हत्या की गई है। पत्थर मार-मारकर उनकी हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, एक शव शनिवार सुबह चुटिया थाना क्षेत्र के बनास तालाब के पास मिला, जबकि दूसरा शव शुक्रवार शाम कोतवाली थाना क्षेत्र में किशोरगंज चौक और बड़ा तालाब के बीच एक टेंट हाउस के पास बरामद हुआ।

पुलिस उपाधीक्षक कुमार वी। रमन ने बताया कि तालाब के पास मिला शव दीपक नामक व्यक्ति का है जो बिहार का निवासी था और वह रांची में किराए के मकान में रहता था। उन्होंने बताया कि मौत के वास्तविक कारण का पता लगाने के लिए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

पुलिस के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि दूसरा शव कबाड़ बीनने वाले एक व्यक्ति का है, लेकिन उसके नाम और पते के बारे में जानकारी अभी तक नहीं मिल सकी है। अधिकारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि दोनों व्यक्तियों की हत्या पत्थर मारकर की गई।

## तेजप्रताप का पुलिसकर्मी से ठुमके लगवाने का मामला पकड़ा तूल, सिपाही पर गिरी गाज



**पटना :** बिहार में विधायक तेज प्रताप यादव का होली समारोह में पुलिसकर्मी को ठुमके लगवाने का मामला अब तूल पकड़ लिया है। इस बीच, वर्दी में ठुमके लगाने वाले पुलिसकर्मी पर अब गाज गिरी है।

पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार ने वर्दी में डांस करने वाले पुलिसकर्मी को विधायक तेज प्रताप यादव की सुरक्षा से हटा दिया है।

पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक, सोशल मीडिया पर वायरल विधायक तेज प्रताप यादव के कहने पर अंगरक्षक (सिपाही) दीपक कुमार के डांस (नाचने) एवं इनके द्वारा आम स्थान पर वर्दी में नाच (डांस) करने की बात संज्ञान में आने पर, अंगरक्षक सिपाही दीपक कुमार को पुलिस केंद्र, क्लोज कर उनके स्थान पर दूसरे सिपाही को अंगरक्षक में प्रतिनियुक्त करने का आदेश दिया गया।

इधर, इस मामले के तूल पकड़ने पर तेजप्रताप ने नाराजगी भी जाहिर की है। उन्होंने इसके लिए कुछ मीडिया को भी दोषी बताया है। तेज प्रताप यादव ने एक्स पर अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, बुरा न मानो होली है आपसी भाईचारे के इस पर्व को भी भाजपा और आरएसएस के साथ ही इनकी कुछ मीडिया ने होली में आज नफरत का एक नया रंग दे दिया है।

उन्होंने आगे लिखा, पुलिस वाले भाई हो या कोई विरोधी दल के नेता, सबसे भाईचारे और उत्साह के साथ बुरा न मानो होली पर्व मनाने पर भी सियासत करना ही इनका धर्म बन चुका है। देश की जनता जल्द इनको सबक सिखाएगी।

इस बीच, नियमों का उल्लंघन करने और यातायात कानून तोड़ने को लेकर ट्रैफिक विभाग ने कार्रवाई करते हुए तेज प्रताप यादव के वाहन का चालान काटा है।

उल्लेखनीय है कि तेज प्रताप यादव बिना हेलमेट के एक स्कूटी पर सीएम हाउस के पास घूम रहे थे। ट्रैफिक विभाग ने बिना हेलमेट के लिए यह चालान काटा है। बताया जा रहा है कि जिस गाड़ी से तेज प्रताप यादव चल रहे थे, उसका इंश्योरेंस और पॉल्यूशन सर्टिफिकेट भी फेल था। इसलिए तेज प्रताप यादव के वाहन का 4000 रुपये का चालान काटा गया है।

ओडिशा-झारखंड की सीमा पर बड़ा हादसा

# ट्रक की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत, हंगामा

● बेटी के ससुराल से लौट रहे थे ● आक्रोशित लोगों ने टायर जलाकर सड़क किया जाम

**जैंतगढ़ (पश्चिमी सिंहभूम):** ओडिशा-झारखंड की सीमा पर सुबह करीब 7 बजे हुए एक बड़ा सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। ओड़िशा के चंपुआ थाना अंतर्गत एनएच-20 पर दुरीता चौक के पास ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार 3 लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में पति-पत्नी और उनका बेटा शामिल है।




एनएच20 पर बाइक को ट्रक ने मारी जोरदार टक्करः मिली जानकारी के अनुसार सान्नई गांव निवासी एवान प्रधान अपनी पत्नी और बेटे के साथ बेटी की ससुराल रजिया से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान एनएच-20 पर दुरीता चौक के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इसके बाद बाइक को घसीटते हुए 50 फीट तक ले गया। दुर्घटना में एवान प्रधान की मौके पर ही मौत हो गयी। गंभीर रूप से घायल उनकी पत्नी मथामहानी और बेटे की इलाज के दौरान मौत हो गयी।

**दुरीता चौक पर रोड जाम कर लोगों ने किया हंगामाः** घटना के बाद दुरीता चौक पर लोगों ने जमकर हंगामा कर दिया। आक्रोशित लोगों ने टायर जलाकर सड़क जाम कर दी। सूचना मिलने पर चंपुआ पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर सड़क को खाली कराया। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

झारखंड में फिर करवट लेगा मौसम

# 5 जिलों में हीट वेव का अलर्ट जारी, 19 से 21 तक बरसेंगे बादल



**संवाददाता**

**रांचीः** राज्य में कभी भीषण गर्मी तो कभी ठंड का दौर जारी है। झारखंड में एक बार फिर से मौसम बदलेगा। इसी बीच बारिश की भी संभावना जताई जा रही है। मौसम विभाग के मुताबिक आज झारखंड के 5 जिले भीषण गर्मी की चपेट में रहेंगे।

मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, बोकारो के साथ धनबाद जिले में लू चलने की आशंका है। यहां 39 से 41 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक आज दोपहर या शाम के समय राजधानी रांची में आंशिक बादल छाए रहेंगे। मौसम शुष्क रहेगा। इस दौरान अधिकतम तापमान 37 डिग्री न्यूनतम तापमान 21 डिग्री रहने वाला है। कल यानी 17 मार्च को राज्य के अधिकांश जिले में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं तथा मौसम शुष्क रहेगा। 18 मार्च को आसमान मुख्यतः साफ रहेगा। 19 मार्च को राज्य के दक्षिण-पूर्वी भाग में कहीं-कहीं वर्षा होने की संभावना है। जिन जिलों में बारिश की बात कही गई है उसमें पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां के अलावा देवघर, धनबाद, दुमका और गिरिडीह जैसे जिले शामिल हैं।

**राज्य में 3 दिन लगातार बारिश होने की संभावनाः** मौसम विभाग के मुताबिक 20 और 21 मार्च को भी हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक तीन दिन होने वाली हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश से अधिकतम तापमान में 5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। वहीं, राज्य के चाईबासा में पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा 39।4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जो सामान्य से छह डिग्री ज्यादा है। वहीं जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 39.1 डिग्री सेल्सियस रहा।

## पाकिस्तान में मुंबई हमले का मास्टरमाइंड हाफिज सईद गोलीबारी में हुआ घायल, भतीजा ढेर



**इस्लामाबाद/नई दिल्ली :** मुंबई में हुए 2008 के भीषण आतंकी हमले का सरगना हाफिज सईद शनिवार रात पाकिस्तान के झेलम में हुई एक गोलीबारी की घटना में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए रावलपिंडी के एक सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना में सईद का भतीजा अबु कताल मारा गया है।

प्रारंभिक मीडिया रिपोर्ट्स में हाफिज सईद के भी मारे जाने की खबरें आई थीं, लेकिन बाद में पुष्टि हुई कि वह जीवित है और गोली लगने से घायल है। बताया जा रहा है कि सईद पाकिस्तानी सेना के कोर कमांडर मंगला से मुलाकात के बाद लौट रहा था, तभी यह हमला हुआ। हाफिज सईद भारत का मोस्ट वांटेड आतंकवादी है और उसे 26 नवंबर 2008 को मुंबई में हुए आतंकी हमले का मुख्य साजिशकर्ता माना जाता है। इस हमले में 160 से अधिक लोगों की जान गई थी। इसके अलावा, 2006 के मुंबई ट्रेन धमाकों और 2001 में भारतीय संसद पर हुए हमले में भी उसकी संलिप्तता बताई जाती है। भारत ने कई बार पाकिस्तान से उसे सौंपने की मांग की है, लेकिन पाकिस्तान लगातार उसे आतंकवादी मानने से इनकार करता रहा है। उधर, एक अन्य घटना में झेलम में ही शनिवार रात अज्ञात हमलावरों ने हाफिज सईद के भतीजे नदीम उर्फ अबू कताल को गोली मारकर हत्या कर दी। अबू कताल जम्मू-कश्मीर के रियासी में हुए हालिया आतंकी हमले का कथित मास्टरमाइंड था, जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई थी और 41 घायल हुए थे। वह राजौरी में हुए हमले में भी शामिल था, जो 1 जनवरी 2023 को हुआ था। अबू कताल आतंकी संगठन जमात उद-दावा का एक शीर्ष कमांडर था और जम्मू-कश्मीर में कई आतंकी हमलों की योजना बनाने में उसकी अहम भूमिका रही थी। हमले में अबू कताल का एक साथी भी मारा गया है। वह 26/11 मुंबई हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद का करीबी सहयोगी था और भारत की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की मोस्ट वांटेड सूची में शामिल था।

## तूफान ने मचाई तबाही, स्कूलों और घरों के उड़े परखच्चे, 32 की मौत



**वाशिंगटन :** अमेरिका के कई हिस्सों में आए भयंकर तूफान ने तबाही मचा दी है। कई राज्यों में स्कूल भी नष्ट हो गए हैं और अभी तक कम से कम 32 लोगों की मौत होने की खबर सामने आई है। शुक्रवार को शर्मन काउंटी में धूल भरी आंधी चलने से हाईवे पर हुए हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। मिसिसिपी के गवर्नर टेट रीव्स ने बताया, तीन काउंटियों में छह लोगों की मौत हो गई है और तीन लोग लापता हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर उन्होंने बताया, पूरे राज्य में 29 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि मिसौरी में किसी भी अन्य राज्य की तुलना में ज्यादा मौतें दर्ज की गई हैं।

इस बीच, शुक्रवार को सुरक्षाकर्मियों ने जानकारी दी कि टेक्सास पैनहैंडल के अमरिलो में धूल भरी आंधी चलने के कारण कार दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। देशभर में एक बड़े तूफानी सिस्टम ने तेज हवाएं चलाई हैं, जिस वजह से ये मौतें हुई हैं। 100 से अधिक जंगलों में आग लगने की भी खबर सामने आई है।

राष्ट्रीय मौसम सेवा ने शनिवार की सुबह से ही सुदूर पश्चिमी मिनेसोटा और सुदूर पूर्वी दक्षिण डकोटा के कुछ हिस्सों में बफार्नी तूफान की चेतावनी जारी की है। 3 से 6 इंच (7.6 से 15.2 सेंटीमीटर) तक बर्फ जमने की उम्मीद है। 60 मील प्रति घंटे की रफ़्तार से चलने वाली हवाओं के कारण बर्फब़ारी की स्थिति पैदा होने की आशंका है। शनिवार को भी बड़े बवंडर आए। केंद्र ने कहा कि सबसे ज्यादा जोखिम वाले क्षेत्र पूर्वी लुइसियाना और मिसिसिपी से लेकर अलबामा, पश्चिमी जॉर्जिया और फ़्लोरिडा पैनहैंडल तक फैले हुए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### नौ शिक्षण संस्थानों को दिये गये कूलर वाटर प्यूरीफायर

**रजरप्पाः** सीसीएल रजरप्पा ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में सीएसआर योजना के तहत कमांड क्षेत्र के कई शैक्षणिक संस्थानों में कूलर वाटर प्यूरीफायर उपलब्ध कराया। मिली जानकारी के अनुसार, 11 लाख 45 हजार रुपये की लागत से क्षेत्र के नौ शिक्षण संस्थानों में दस वाटर कूलर मुहैया कराया गया। महाप्रबंधक कल्याणजी प्रसाद ने कहा कि हमारी कंपनी केवल कोयला उत्पादन तक ही सीमित नहीं है, बल्कि स्थानीय समुदाय के सतत विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है। सीसीएल कंपनी रजरप्पा में अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वाह कर रही है। विद्यालयों व कॉलेज में वाटर प्यूरीफायर उपलब्ध कराया गया है। इससे विद्यार्थियों व शिक्षकों को शुद्ध व शीतल पेय मिलेगा। सीएसआर अधिकारी आशीष झा ने कहा कि स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता बुनियादी आवश्यकता है। भविष्य में भी सामाजिक कल्याण की योजनाओं को जारी रखा जायेगा। सीसीएल की इस पहल पर विद्यालय और कॉलेज प्रबंधन समिति ने आभार प्रकट किया है। राज बल्लभ उच्च विद्यालय सांडी, चितरपुर कॉलेज, उत्क्रमित उच्च विद्यालय रजरप्पा प्रोजेक्ट, चितरपुर उच्च विद्यालय, चितरपुर इंटर कॉलेज सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा प्रोजेक्ट, उत्क्रमित उच्च विद्यालय सुकरीगढ़ा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय बंदा व जनता उच्च विद्यालय होन्हे में कूलर वाटर प्यूरीफायर उपलब्ध कराया गया है। इसमें 120 लीटर पानी स्टोर की क्षमता है।

### सड़क दुर्घटना में पांच घायल

**धनबादः** शहर के अलग-अलग जगहों पर हुई सड़क दुर्घटना में पांच लोग घायल हुए हैं। सभी को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। झरिया के बाटा मोड़ के समीप हुई सड़क दुर्घटना में घायल युवक की पहचान नहीं हो पायी है। युवक अबतक बेहोशी की हालत में है। झरिया के बाटा मोड़ के समीप बड़े वाहन की टक्कर में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस के लिए इलाज के लिए उसे एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा बैंक मोड़ बिरसा चौक के समीप सड़क दुर्घटना में पांडरपाला का रहने वाला गुड्डू अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद बैंक मोड़ पुलिस ने उसे इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच भेजा। बैंक मोड़ बिरसा चौक के समीप उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गयी थी। बाइक की गति तेज होने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसकी बाइक जब्त कर ली है। इनके अलावा बरवाअड्डा में बाइक के दुर्घटनाग्रस्त होने से गोविंदपुर निवासी अंजूम खातून व मो सोहेब व टुंडी में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर चंदन बास्की घायल हो गये। धनबाद पुलिस ने आम लोगों से की अपील-शांतिपूर्ण मनायें त्योहार, सोशल मीडिया पर न करें आपत्तिजनक पोस्ट धनबाद। धनबाद पुलिस ने होली के दौरान शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की अपील लोगों से की है। इसमें कहा गया है कि पारंपरिक लोक संगीत के गायन में अश्लील तथा किसी को ठेस पहुंचाने वाले शब्दों का प्रयोग ना करें, जुमा का नमाज आपसी भाईचारे व सामंजस्य से अदा करें। एक दूसरे की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करें। होली के अवसर पर डीजे बजाने पर पूर्णतः रोक है। हिंसक घटना, दुर्घटना, असामाजिक गतिविधियों, भड़काऊ संदेश व वीडियो तस्वीर पोस्ट करने वालों की सूचना तत्काल अपने नजदीकी पुलिस थाना या पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर 03262311217 अथवा डायल 112 पर संपर्क कर सूचना साझा करें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जायेगी। किसी भी समुदाय, व्यक्ति विशेष, धर्म विशेष को ठेस पहुंचाने वाले भ्रामक सूचना, फोटो, वीडियो व आपत्तिजनक टिप्पणी सोशल मीडिया पर पोस्ट या शेयर ना करें, साथ ही किसी प्रकार के तथ्यहीन अफवाह पर भी ध्यान ना दें। सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने से संबंधित पोस्ट पर अफवाह फैलाना कानूनन अपराध है। सोशल मीडिया पर धनबाद पुलिस की पैनी नजर है। अफवाह फैलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### मोहलबनी के पोखरिया में डूबने से दो युवकों की मौत

**धनबाद :** डिगवाडीह सिम्फर फुटबॉल मैदान के निकट रहने वाले किशोरी यादव के 18 वर्षीय पुत्र आदित्य यादव एवं सुरेश सिंह यादव के इकलौते पुत्र सुमित यादव की गुरुवार की दोपहर मोहलबनी पोखरिया में डूबने से मौत हो गयी। मृतक के परिजनों ने दोनों छात्रों का अंतिम संस्कार कर दिया है। आदित्य यादव अपने तीन भाई में दूसरे स्थान पर था। पिता बाहर में रह कर ट्रक चलाता है। मां अनिता देवी, भाई युवराज यादव व शुभोजीत यादव ने बताया कि आदित्य पने बड़े पापा के पास रह कर सिम्फर मॉडल डीएवी स्कूल में पढ़ाई करता था। अन्य मृतक सुमित की अंकिता नामक एक बहन है। पिता सुरेश सिंह डीनोबिली स्कूल में सुरक्षा प्रहरी है। आसपास के लोगो ने बताया कि दोनों लड़के बस्ती के कुछ लोगों के साथ होलिका दहन के लिए घटना के पास जंगल से लकड़ी लाने गया था। इस दौरान आदित्य पास के पोखरिया में हाथ पैर धोने गया, जहां पर पैर फिसल कर वह पोखरिया (तालाब) में डूबने लगा। अपने साथी को डूबता देख सुमित बचाने के लिए गया, तो वह भी तालाब में डूब गया। इससे दोनों की मौत हो गयी। घटना की सूचना पाकर स्थानीय लोगों ने पहुंच कर दोनों को बाहर निकाला, जिसे झरिया के एक नर्सिंग होम ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मोहल्ले में होली के समय हुई हृदय विदारक घटना से मातम छा गया है। घटना को लेकर दोनों परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। सुमित 10वीं व आदित्य 12वीं का छात्र था।

## सीएम हेमंत सोरेन पूरे परिवार के साथ पहुंचे पैतृक गांव नेमरा

# बाहा पर्व पर परंपरागत तरीके से की पूजा-अर्चना





**संवाददाता**

**रामगढ़ः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने पूरे परिवार के साथ शनिवार को अपने पैतृक गांव गोला प्रखंड के नेमरा में स्थित घर पहुंचे। यहां वे पूरे परिवार के साथ बाहा पर्व में शामिल हुए और परंपरागत रूप से पूजा-अर्चना की।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हेलीकॉप्टर से अपने गांव के घर के पास बने हेलीपैड पर उतरे। यहां से वे सीधे अपने घर गए जहां उन्होंने पारंपरिक वस्त्र पहने और फिर ढोल नगाड़ों की थाप के साथ पैदल करीब 1 किलोमीटर चल सरना स्थल पहुंचे। यहां उन्होंने संथाली परंपरा के अनुसार पूजा अर्चना की। सीएम हेमंत सोरेन समाज के मांझी हड़ाम हैं। जिस कारण वे प्रत्येक वर्ष नेमरा पहुंच कर बाहा पूजा में शामिल होते हैं। इस दौरान उन्होंने अपने कुल देवता की भी पूजा-अर्चना की। चैत्र माह शुरू होने से पहले बाहा पर्व मनाया जाता है, जिसमें गांव के लोग जाहेर स्थान (जाहेरथान) पर परंपरागत तरीके से पूजा करते हैं। पूजा में आम और महुआ के फूलों का विशेष महत्व होता है।

**परिवार के अन्य सदस्य भी रहे मौजूदः** मुख्यमंत्री के साथ उनकी मां रूपी सोरेन, पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, भाभी पूर्व विधायक सीता सोरेन समेत परिवार के अन्य सदस्य भी नेमरा पहुंचे, सभी ने बाहा पर्व में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भाग लिया।

**मुख्यमंत्री के आगमन पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्थाः** मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। डीसी चंदन कुमार, एसपी अजय कुमार, एसडीओ सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारी मुख्यमंत्री के पैतृक आवास पहुंचे। पूरे नेमरा गांव और मुख्यमंत्री के गुजरने वाले मार्गों पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी।

**सीता सोरेन ने दी शुभकामनाएंः** पूर्व विधायक सीता सोरेन ने कहा, 'हम लोग हर वर्ष होली के बाद गांव आकर अपने कुल देवता की पूजा करते हैं और आशीर्वाद लेकर वापस लौटते हैं।' उन्होंने सभी संथाली भाइयों को बाहा पर्व की ढेरों शुभकामनाएं दीं।

वहीं सीएम हेमंत सोरेन ने भी लोगों को बहा पर्व की शुभकामनाएं दी उन्होंने कहा 'सभी का अपना अपना रस्म रीवाज है। हमारा भी है, इसी के कारण पूरा परिवार एकत्रित हुआ है। समय की व्यस्तता है, लेकिन मन में उत्साह होता है। जिम्मेदारी ऐसी है कि सीमित समय में सभी काम को बांटना है। परिवार जनों के साथ यह कार्यक्रम चल रहा है। पूरे परिवार के लोग यहां मौजूद हैं'

# गिरिडीह में होली जुलूस पर पथराव और आगजनी, बाबूलाल मरांडी ने सरकार पर आरोप लगाते हुए की कार्रवाई की मांग



**संवाददाता**

**रांचीः** गिरिडीह के घोड़थंबा में होली जुलूस के दौरान दो पक्षों में हुए पथराव के बाद विवाद पर अब सियासी बयान शुरू हो गए हैं। आगजनी की घटना पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार और प्रशासन को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने पूरी घटना के लिए सरकार द्वारा तुष्टिकरण की राजनीति और प्रशासनिक तंत्र की विफलता बताया है।

इस मामले पर बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि होली जुलूस पर पथराव और आगजनी की घटना दुखद है। इन दिनों हिन्दुओं के पर्व त्यौहारों पर हिंसा करना नया ट्रेंड सा बन गया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि घुसपैठियों की संरक्षक झामुमो-कांग्रेस की सरकार इसको बढ़ावा दे रही है।

**राज्य सरकार खुद कर रही है हिन्दू विरोधी तत्वों को प्रोत्साहितः** बाबूलाल मरांडी इस घटना पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट किया है। पर्व और त्यौहारों के पहले की जाने वाली शांति समिति की बैठक और प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गई हैं। ऐसा लगने लगा है कि राज्य सरकार खुद हिन्दू विरोधी तत्वों को हिंसा के लिए प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने शांति व्यवस्था बनाए रखने में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को फिसड्डी बताते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री ने 2 दिन अधिकारियों को विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्देश दिए थे। फिर भी गिरिडीह में ऐसी घटना घट गई। इससे साफ है कि शासन-प्रशासन पर उनका कोई नियंत्रण नहीं रह गया है।

**नेता प्रतिपक्ष ने प्रशासन पर साधा निशानाः** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रशासन पर भी सख्त टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि पर्व-त्योहारों में खलल डालने वाले को 10 फीट जमीन के अंदर गाड़ने की घुड़की देने वाली झारखंड पुलिस की उपद्रवियों के सामने बोलती बंद होती है। उन्होंने सभी आरोपियों को चिन्हित करके कड़ी कार्रवाई करने की मांग करते हुए सलाह दी है कि पीड़ित पक्ष पर कार्रवाई करके मामले को संतुलित दिखाने की कोशिश नहीं होनी चाहिए।

**घटना की आड़ में राजनीति करने का आरोपः** वहीं इस मसले पर सत्ताधारी पार्टी झामुमो की ओर से कहा गया है कि गिरिडीह के घोड़थंबा में होली मिलन के दौरान कुछ लोगों द्वारा मारपीट, झड़प और उपद्रव करने की कोशिश हुई है। इस पर गिरिडीह पुलिस ने फौरन कार्रवाई करते हुए शांति व्यवस्था बहाल कर दी है। झामुमो का आरोप है कि घटना की आड़ में सनसनी फैलाने की कोशिश की जा रही है। ऐसे 'फ्रिंज एलिमेंट' पर 'आयरन हैंड' से काम करने के लिए झारखंड पुलिस स्वतंत्र है और इसकी बानगी पिछले दिनों दिख चुकी है।



### होली धूमधाम से संपन्न

**मुरी :** सिल्ली- मुरी में होली दो दिन धूमधाम से मनाया गया। होली के पिचकारी से बच्चों में होली खेलने को लेकर काफी उत्साह देखा गया। टोली बनाकर होली का आनंद उठा रहे थे। सभी ने अपने अंदाज में होली सेलेब्रेट किया। पूर्व विधायक सुदेश महतो ने लोगों को होली की शुभकामनाएं देते हुए होली मनाई।

### महिला पत्रकार रिंकी कुमारी के साथ मारपीट



**मुरीः** सिल्ली पुराना बुंडू स्टेशन रोड निवासी रिंकी कुमारी उम्र 34 बर्ष को अकेला और कमजोर समझ कर आए दिन उसकी भाभी अनिमा चौधरी मार पीट और टार्चर कर रही है । इसमें उसके भाई अनोज चौधरी और भतीजा सुब्रतो चौधरी का पूरा समर्थन है। बीते 13 मार्च को करीब पौने एक बजे अचानक अनीमा चौधरी रिंकी कुमारी के किचन में घुस कर मारपीट किया और एसे धक्का दे दिया जिससे रिंकी को काफी को काफी चोट आयी है। घर के किसी भी सदस्य ने रिंकी की मदद नहीं की। रिंकी ने खुद अस्पताल जाकर अपना इलाज कराया।

# गिरिडीह में होली जुलूस के दौरान दो समुदायों में झड़प, कई घायल; दुकानें फूंकीं, वाहनों को भी लगाई आग

**संवाददाता**

**गिरिडीहः** जिले में शुक्रवार को होली जुलूस के दौरान दो समूहों के बीच झड़प हो गई। घटना में कई लोग घायल हो गए। इसके अलावा, कम से कम तीन दुकानों और वाहनों में कथित तौर पर आग लगा दी गई।

पुलिस के अनुसार, घटना घोरथंबा में उस समय हुई जब एक समूह ने होली के जुलूस का इलाके से गुजरने का विरोध किया, जिसके बाद झड़प हो गई और दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पथराव किया।

**दोनों समुदाय की पहचान कर रही पुलिसः** गिरिडीह एसपी डॉ. बिमल ने कहा कि हम दोनों समुदायों की पहचान कर रहे हैं। इसके अलावा, लोगों की भी पहचान की जा रही है। पहचान होने के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और किसी को कोई बड़ी चोट नहीं आई है। उन्होंने बताया कि झड़प के दौरान कुछ वाहनों में आग भी लगाई गई। वहीं, खोरीमहुआ एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि इलाके में शांति बहाल करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। मामले पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

इसके अलावा, उप विकास आयुक्त स्मिता कुमारी ने कहा कि होली समारोह के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने कानून-व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिश की, लेकिन अब स्थिति नियंत्रण में है। जानकारी के अनुसार, कुछ असामाजिक तत्वों ने कुछ वाहनों में आग लगाई है। घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

**हिंसा के बाद हालात शांतः 22 गिरफ्तार,उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी :** जिले में शुक्रवार को होली जुलूस के दौरान दो समूहों के बीच झड़प हो गई। घटना में कई लोग घायल हो गए। इसके अलावा दुकानों और वाहनों में आग लगा दी गई। पुलिस ने इस मामले में 22 लोगों को गिरफ्तार किया है। दरअसल घोरथंबा में उस समय यह घटना हुई, जब एक समूह ने होली के जुलूस का इलाके से गुजरने पर विरोध किया। उसके बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पथराव कर दिया।

पुलिस अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि चार दुकानों, पांच मोटरसाइकिल और दो चारपहिया वाहनों में आग लगा दी गई। एसपी डॉ। बिमल कुमार ने बताया कि दो समुदायों के बीच झड़प हुई, लेकिन उसमें किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। स्थिति अब नियंत्रण में है। उपद्रवियों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस बीच उपविकास आयुक्त स्मिता कुमारी ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों ने कानून और व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिश की लेकिन स्थिति अब नियंत्रण में है। इस मामले की जांच की जा रही है और प्रभावित इलाके में बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है।



खोरीमहुआ सब डिवीजन के एसडीएम अनिमेष रंजन ने बताया कि स्थिति अब नियंत्रण में है और शांतिपूर्ण है। कल मजिस्ट्रेट और बल यहां थे। स्थिति तुरंत नियंत्रण में आ गई। डीडीसी स्मिता कुमारी ने बताया कि मजिस्ट्रेट आदेश पहले ही दिए जा चुके हैं। पुलिस तैनात कर दी गई है और स्थिति पर लगातार नजर रख रही है। स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

**घोड़थंभा चौक के पास होली का जुलूस के दौरान बवालः** इससे पहले शुक्रवार को यह घटना उस समय हुई, जब घोड़थंभा चौक के पास एक गली से होली का जुलूस गुजर रहा था। दो समुदायों के बीच विवाद के कारण अराजकता फैल गई, जो करीब एक घंटे तक चली। उपद्रव की सूचना मिलने पर जिला मुख्यालय से अधिकारी मौके पर पहुंचे, जिन्होंने उपद्रवियों को तितर-बितर किया। शुक्रवार को एसपी डॉ। बिमल ने स्थिति पर बात करते हुए कहा कि घटना में किसी के गंभीर रूप से घायल होने की खबर नहीं है, लेकिन आरोपियों की पहचान करने के प्रयास जारी हैं और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**कुछ वाहनों में आग भी लगाई गईः** अधिकारी ने बताया था कि होली समारोह के दौरान घोड़थंभा ओपी क्षेत्र में दो समुदायों के बीच झड़प की घटना सामने आई है। हम इसमें शामिल लोगों की पहचान करने की प्रक्रिया में हैं। उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और किसी के गंभीर रूप से घायल होने की खबर नहीं है। कुछ वाहनों में आग भी लगाई गई।

**हिंसा को लेकर सियासत भी तेजः** भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन की सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'गिरिडीह के घोड़थंबा में होली जुलूस पर पथराव और आगजनी की दुखद घटना हेमंत सरकार के तुष्टिकरण की राजनीति और प्रशासनिक तंत्र की विफलता का परिणाम है। हिंदुओं के पर्व त्योहारों पर हिंसा करना नया ट्रेंड बन गया है और इसे बढ़ावा दे रही है घुसपैठियों की संरक्षक झामुमो कांग्रेस की सरकार। हर हिंदू पर्व त्योहार में हिंसा-उन्माद की घटनाएं देखकर ऐसा लगने लगा है कि राज्य सरकार खुद हिंदू विरोधी तत्वों को हिंसा के लिए प्रोत्साहित कर रही है। पर्व त्योहारों से पूर्व की जाने वाली शांति समिति की बैठकें, प्रशासन के फ्लैग मार्च सिर्फ औपचारिकता बन कर रह गए हैं।'

**पुलिस पर भी लगाए गए आरोपः** उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'प्रदेश में शांति व्यवस्था बनाए रखने में मुख्यमंत्री फिसड्डी साबित हुए हैं। हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्देशित किया था, इसके बावजूद गिरिडीह में अप्रिय घटना को अंजाम दिया गया। शासन प्रशासन पर उनका कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। मीडिया के सामने आकर पर्व त्योहारों पर व्यवधान डालने वाले को जमीन के अंदर 10 फीट गाड़ने की घुड़की देने वाली पुलिस की उपद्रवियों के सामने बोलती बंद हो जा रही है। पुलिस होली जुलूस में व्यवधान उत्पन्न करने वाले सभी आरोपियों को चिन्हित कर कड़ी कारवाई करें, उल्टे पीड़ित पक्ष पर कारवाई कर मामले को संतुलित दिखाने का प्रयास न करें।'

# एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने पुलिसकर्मियों संग मनाई होली, फगुआ गाकर दी शुभकामनाएं



संवाददाता

**रांची:** होली का त्योहार खुशियों की सौगात लेकर आता है। राजधानी रांची में लोग उत्साह के साथ शांति पूर्वक होली मनाए। इसका श्रेय रांची पुलिस को जाता है। त्योहार के दौरान ड्यूटी के साथ पुलिसकर्मी होली मनाते हुए नजर आए। दरअसल, प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सभी पुलिसकर्मी उत्साह और उमंग के साथ होली मनाते हुए नजर आए। फगुआ का गीत रांची एसएसपी समेत एसडीओ उत्कर्ष कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर रांची राजेश्वर नाथ आलोक समेत अन्य पुलिस पदाधिकारियों द्वारा गुनगुनाया गया, जो होली का उत्साह दोगना कर दिया।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने फगुआ गीत गाकर होली की शुभकामनाएं दी। जनता के लिए सदैव तत्पर रहने वाले रांची के पुलिसकर्मी समय निकालकर होली के त्योहार को खुशी-खुशी मनाते हुए नजर आए। श्री सिन्हा के आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

होली के मौके पर एसएसपी सिन्हा भी खुद को रोक नहीं पाए। परंपरा के अनुसार, उन्होंने खुद फगुआ गीत गाया। जिसने सभी पुलिसकर्मियों के उत्साह को बढ़ाने का काम किया। फगुआ गीत गाकर एसएसपी ने शुभकामनाएं दी। मीडिया से बातचीत के दौरान भी उन्होंने फगुआ गीत के जरिए कहा, होली हो या रामनवमी या विधानसभा चुनाव फिर सावन महीना, पुलिस को छुट्टी नहीं मिलती है। जनता के लिए पुलिस हमेशा उपलब्ध है। रांची की जनता न घबराए। रांची पुलिस उनके सुरक्षा के लिए तत्पर है।

## एसएसपी ने जरूरतमंद लोगों के बीच किया भोजन वितरण



**रांची :** डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा अपनी पत्नी व आईएएस कंचन सिंह के साथ शनिवार रात खादगढ़ा टीओपी स्थित बिरसा मुंडा बस स्टैंड पहुंचे और यहां पर जरूरतमंद लोगों के बीच भोजन वितरण किया । बता दे की होली पर्व को लेकर डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा शनिवार को रोजेदारों के लिए इफ्तार फूड पैकेट भी वितरण किये। और सुबह जमकर होली खेले फगुआ गाये। मौके पर खाद गढ़ा टीओपी के एएसआई भीम सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### प्रखंड में धूमधाम से मनाई गई होली

## एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर भाईचारे का दिया संदेश



संवाददाता

**सोनाहातू /राहे:** प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार और शनिवार को दोनों दिन रंगों का त्योहार होली बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। लोग टोलियां बनाकर सड़कों पर रंग लेकर एक दूसरे को रंग लगाते नजर आते रहे। इनके साथ ही ढोल की धुन और संगीत पर नाचते लोग अपने तरीके से ही होली का जश्न मनाते नजर आए ।भाईचारे के प्रतीक होली पर गिले शिकवे भुला कर लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर अपनी खुशी का इजहार किया। होली पर बच्चों सहित बुजुर्गों का उत्साह देखते ही बन रहा था। सुबह से देर शाम तक लोग होली के रंगों में रंगे रहे। राहे में रंगों की होली खेलते हुए कपड़ा फाड़ होली भी जम के मनाया। एक दूसरे के कपड़े फाड़ के खुशी का इजहार किया। पूरा राहे ओर सोनाहातू प्रखंड रंग के मस्ती में डूबा रहा। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर चौक चौराहे पर स्थानीय पुलिस के जवान तैनात रहे देर शाम तक कहीं भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं थी।

## प्रोफेसर डॉ राधेश्वर मिश्रा की पुण्यतिथि पर भोजन वितरण



संवाददाता

**चक्रधरपुर:** प्रख्यात शिक्षाविद् व मारवाड़ी उच्च विद्यालय के उप प्राचार्य एवं जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष रहे प्रोफेसर राधेश्वर मिश्रा की 24वीं पुण्यतिथि पर उनके परिजनों द्वारा जननायक समिति के तत्वावधान में प्रभु जनों के बीच व्यापक रूप से भोजन वितरण किया गया।

इस अवसर पर उनके पुत्र जगन्नाथ डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर विकास कुमार मिश्रा ने कहा कि- लोकप्रिय सामाजिक संस्था जननायक समिति के तत्वावधान में आयोजित ऐसे पुनीत कार्य से आत्मसंतुष्टि मिलती है। सामाजिक संस्था द्वारा ऐसे कार्यक्रम निश्चित तौर पर लोगों के लिए बेहतर एवं प्रेरणास्त्रोत हैं। हमें ऐसे सामाजिक संस्था प्रेरणा देने के साथ साथ सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरित भी करते हैं। वहीं भगेरिया फाउंडेशन के प्रमुख विनोद भगेरिया ने कहा कि- लोगों के लिए भोजन सहज रूप से उपलब्ध कराने का यह कार्य विगत कई वर्षों से जारी है और यह पुनीत कार्य मानवता का बेहतर उदाहरण है इसके लिए जननायक समिति बधाई का पात्र है। इस अवसर पर झारखंड के वरीय पत्रकार एवं जननायक समिति के संस्थापक सदस्य रहे विनय मिश्रा भी उपस्थित थे । उनके अलावा जया आस्था, यश भारद्वाज, रिक्की छाबड़ा एवं रोहित आर्ट्स के प्रमुख रोहित दास भी उपस्थित थे।



## विश्वकर्मा समाज का फगुआ महोत्सव धूमधाम से संपन्न

**रांची:** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज रांची जिला के पूर्व अध्यक्ष एवं विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के मुख्य संयोजक संतोष कुमार श्रेयांश की ओर से पुनदाग लक्ष्मीनगर स्थित मालो मातृ सदन में फगुआ महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

इस मौके पर प्रगतिशील विश्वकर्मा सेवा समिति अवधेश शर्मा,अरविंद शर्मा,दीपक राणा, अजीत शर्मा,शशि भूषण शर्मा,नंददेव शर्मा,विजन आरोग्यम के राजीव रंजन मिश्रा, विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के छत्रपाल राम उस्ताद,जानकी नंदन राणा,बबन शर्मा,अरविंद कुमार शर्मा,नीलम शर्मा,शंभु शर्मा,सुभाष कुमार,राखी राणा, शोभा देवी,शकुंतला देवी, सुबोध कुमार शर्मा,चौधरी समाज के राहुल चौधरी,

विश्वकर्मा समाज के राम ऐकवाल शर्मा,परमेश्वर शर्मा, सुरेश शर्मा,रमेश मिस्त्री,राजु शर्मा,जयप्रकाश शर्मा,

विश्वकर्मा जीवन कल्याण समिति के शंकर राणा,पिंटु शर्मा उर्फ नेता जी,गुडु शर्मा,रंजीत शर्मा,संदीप शर्मा,नागेंद्र शर्मा,छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा,संरक्षक कुमारी अनिता,शीला,अंजना प्रियदर्शनी,पूनम,रवि मेहता,विनीता,कपिल फाउंडेशन के बीनू शर्मा,संगीत सरिता वीणा श्री,भगवा नारी सेना के पिया बर्मन,एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस के प्रकाश क्षत्री,प्रदीप भारती,सुशील कुमार, रंजन सिंह, धर्मेंद्र दास व अन्य गणमान्य बंधुओं ने फगुआ महोत्सव का भरपूर आनंद लिया।

## बीआईटी मेसरा के क्रायोविजार्ड्स को हिमाशील्ड-2024 में मिला पहले रनर-अप का खिताब

**रांची :** बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा (बीआईटी मेसरा) टीम क्रायोविजार्ड्स ने वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन ज्योलॉजी, देहरादून के सहयोग से हिमाशील्ड 2024 में पहले रनरअप का खिताब हासिल किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय हिमालय क्षेत्र में ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट बाढ़ की समस्या को हल करने के लिए किया गया था।

टीम में एम-टेक के छात्र सुदीप बैनर्जी, सुनील महातो, पीएचडी स्कॉलर निकिता रॉय मुखर्जी (बीआईटी मेसरा) और सौरभ आनंद (डब्ल्यूआईएचजी, देहरादून) शामिल थे, जिनके इनोवेशन को रु 3 लाख के नकद पुरस्कार, सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया, साथ ही उन्हें फील्ड-डिप्लॉयेबल सोल्युशन विकसित करने के लिए स्टार्ट-अप इन्क्युबेशन

सपोर्ट भी दिया गया। सीडीएसी थिरूवनंतपुरम द्वारा विद्युत एवं सूचना प्रोद्योगिकी मंत्रालय के तहत आयोजित इस चैलेंज में 151 टीमों ने हिस्सा लिया, जिनमें से केवल सात टीमें ग्राण्ड फिनाले तक पहुंचीं। ग्राण्ड फिनाले का आयोजन 28 फरवरी 2025 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर किया गया था। क्रायोविजार्ड्स बन्नारी अम्मान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, तमिलनाडु के बाद दूसरे स्थान पर रही, जबकि बन्नारी ने पहला पुरस्कार अपने नाम किया।

हिमाशील्ड-2024 के मंच पर वैज्ञानिक, ओद्यौगिक विशेषज्ञ एवं अकादमिक जगत के दिग्गज एकजुट हुए। बीआईटी मेसरा की सफलता वास्तविक दुनिया में जलवायु संबंधी चुनौतियों को हल करने में आधुनिक अनुसंधान और इनोवेशन के लिए इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## परिवार के लिए निकालें समय



**चक्रधरपूर:** पर्व - त्योहार पर सभी कर्मचारी या फिर व्यावसायिक लोगों को चाहिए कि वे अपने परिवार के लिए समय निकालें। लोगों को इसके लिए प्रेरित करते हुए रेलवे के रेडियोलॉजिस्ट राजीव कुमार ने अपनी पत्नी संग प्रकृति में बसने वाले रंगों पलाश फूलों के बीच होली महोत्सव मनाया। इनलोगों ने लोगों को संदेश दिया कि कितनी भी व्यस्तता क्यों न रहे जीवन में कुछ समय अपने परिवार के लिए निकलना बहुत जरूरी है । वही राजीव कुमार की धर्मपत्नी पुष्प लता स्वदेशी ने लोगों से अपील की बिना किसी को परेशान किये होली महापर्व का आनंद सभी को लेना चाहिए।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले बाबूलाल मरांडी



**रांची:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की झारखंड इकाई के अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने बीते शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री से झारखंड के मौजूदा हालात और राज्य के विकास को लेकर चर्चा की।

बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से चर्चा के दौरान प्रदेश की वर्तमान परिस्थितियों, विकास कार्यों और भविष्य की रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया। इसके साथ ही उन्होंने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश को प्रगति के नए आयाम देने के लिए हम सभी संकल्पित हैं।

## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मेरठ छावनी में सैनिकों के साथ मनायी होली



**रांची:** सैन्य परिवार के साथ उत्सव मनाने की वर्षों पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए होलिकोत्सव पर मेरठ छावनी में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सैनिकों के साथ रंगों का त्योहार मनाया। अबीर गुलाल लगाकर खुशियां बांटी और उनके परिवार को होली की शुभकामनाएं दी।



## होली मिलन समारोह का आयोजन

**रांची :** वार्ड नंबर 36 अरगोड़ा पीपर टोली नागड़ा ढीपा तारा नगर आवासीय परिसर स्थित पंच मंदिर परिसर में 15 मार्च दिन शनिवार संध्या 5 बजे सामूहिक संध्या आरती की गयी। आरती की समाप्ति के बाद होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। थिरकते हुए जुटे परिवार जन अपने अपने घरों से पुआ पकवान, एवं ठंडई लाए हुए थे। फगुआ गान पर सभी ने थिरकते , नाचते गाते हुए व्यंजनों का स्वाद ले एक दूसरे को गले लगा होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए रात्रि 9 बजे कार्यक्रम की समाप्ति हुई। इस पूरे आयोजन को पंच मंदिर संचालन समिति के वरीय सदस्य गण अपने देख रेख में खुशी पूर्वक उत्साह से होली मिलन संपन्न कराया।

### मानगो फ्लाईओवर निर्माण

## ट्रैफिक प्लान में बड़ा बदलाव, अब एक लेन से होगा आवागमन




- ब्लू वेल स्कूल से दरभंगा डेयरी तक एक ही लेन से होगा वाहनों का संचालन
- सड़कों को बेहतर बनाने, ट्रैफिक पुलिस बल बढ़ाने और संकेतक बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए।
- अनधिकृत पार्किंग हटाई जाएगी, सड़क किनारे की सब्जी दुकानें वैकल्पिक स्थानों पर शिफ्ट होंगी।
- भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा, उन्हें वैकल्पिक मार्गों से चलाया जाएगा।
- यात्री बसें सिर्फ हाईवे पर निर्धारित स्टॉप पर रुकेगी, जिससे जाम की समस्या न हो।

**जमशेदपुर:** मानगो फ्लाईओवर निर्माण को तेजी से पूरा करने और यातायात को सुचारू रखने के लिए उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में मानगो से डिमना की ओर ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने पर जोर दिया गया।

उपायुक्त ने संबंधित विभागों को निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि जनता को कम से कम असुविधा हो। बैठक में एसएसपी कौशल किशोर, सिटी एसपी कुमार शिवाशीष, एसडीओ धालभूम शताब्दी मजूमदार, डीटीओ धनंजय और उप नगर आयुक्त मानगो कृष्ण कुमार समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-निविदा सूचना
मण्डल रेल प्रबन्धक (बिजली), उत्तर-पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्य के लिये दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा संख्या:** मं.रे.प्र.(बि.)-34-24-25 **कार्य का नाम:** All Div.: Providing AT supply to Hot Axle Box Detector (HABD) at various stations. **अनुमानित लागत:** ₹ 22,68,122/- **बयाना राशि:** ₹ 45,400/- **ई निविदायें बन्द होने की तिथि:** 03.04.2025 **निविदा संख्या:** मं.रे.प्र.(बि.)-35-24-25 **कार्य का नाम:** All Div.: Rewiring of Staff quarters on age cum condition basis in COR-UDZ Section. **अनुमानित लागत:** ₹ 1,72,55,425/- **बयाना राशि:** ₹ 2,36,300/- **ई निविदायें बन्द होने की तिथि:** 03.04.2025 **निविदा संख्या:** मं.रे.प्र.(बि.)-36-24-25 **कार्य का नाम:** All Div.: Rewiring of Diesel Traction Training Center (DTTC), 5 Bungalow ORH and Holiday Home at Aburoad. **अनुमानित लागत:** ₹ 34,84,234/- **बयाना राशि:** ₹ 69,700/- **ई निविदायें बन्द होने की तिथि:** 03.04.2025 उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये वैबसाइट का पता- www.ireps.gov.in
320-AJ/25



# किसी अजूबे से कम नहीं है होर्मुज आइलैंड

इस धरती पर ऐसी कई जगहें हैं, जिनसे आज भी दुनिया के अधिकतर लोग अनजान हैं. ऐसे में इन जगहों को रहस्यमय ही माना जाता है. पहाड़ों के बारे में तो आप जानते ही होंगे कि वो कितने कठोर होते हैं, उन्हें तोड़ना मुश्किल ही नहीं, कभी-कभी नामुमकिन भी हो जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया में एक ऐसी जगह भी है, जहां लोग पहाड़ को भी खा जाते हैं. जी हां, यह हैरान होने वाली बात तो है, लेकिन बिल्कुल सच है. असल में यह जगह एक आइलैंड है, जो जम्बुद्वीप (एशिया) के दक्षिण-पश्चिम खंड में स्थित देश ईरान के तट से 8 किलोमीटर दूर फारस की खाड़ी के नीले पानी के बीच में है. आइए जानते हैं इस इस आइलैंड की कुछ रहस्यमय बातें, जो आपको सच में हैरान कर देंगी. इस आइलैंड का नाम है होर्मुज द्वीप, जिसे रेनबो द्वीप के नाम से भी जाना जाता है. इसके बारे में कहा जाता है कि इस आइलैंड की खूबसूरती से दुनिया आज भी अनजान है. इस आइलैंड को 'भूवैज्ञानिकों का डिज्नीलैंड' भी कहा जाता है, क्योंकि यहां की सुनहरी नहरें, रंग-बिरंगे पहाड़ और खूबसूरत दिखने वाली नमक की खदानें मन को मोह लेती हैं.

कहते हैं कि महज 42 वर्ग किलोमीटर में फैला यह आइलैंड आसमान से एकदम रंगीन दिखता है. पत्थर, मिट्टी और लोहे से भरपूर यहां ज्वालामुखी की चट्टानें जब लाल, पीले और कई रंगों में चमकती हैं तो ऐसा लगता है जैसे यह धरती नहीं, बल्कि किसी दूसरी दुनिया का नजारा हो. यहां की पत्थर और चट्टानें जब धूप के संपर्क में आते हैं तो चमकने लगते हैं. इस आइलैंड पर 70 से भी अधिक तरह के खनिज पाए जाते हैं. कहा जाता है कि इस आइलैंड का निर्माण हजारों साल पहले हुआ था और इसे खूबसूरत बनाने में ज्वालामुखीय चट्टानें, खनिज और नमक के टीलों का अहम योगदान है. इस आइलैंड की जो सबसे रोचक बात है, वो ये कि यहां का पहाड़ दुनिया का एकमात्र ऐसा पहाड़ है, जिसे खाया भी जा सकता है, क्योंकि ये पहाड़ नमक की मोटी परतों से बने होते हैं. तरह-तरह के खनिजों की वजह से इस द्वीप की मिट्टी भी मसालेदार होती है, जिसका इस्तेमाल खाने में मसाले के तौर पर किया जाता है. यहां की लाल मिट्टी का इस्तेमाल लोग चटनी के तौर पर करते हैं. इसके अलावा स्थानीय कलाकार यहां की लाल मिट्टी को पेंटिंग में भी इस्तेमाल करते हैं. लोग अपने कपड़ों को रंगने के लिए इसका उपयोग करते हैं, यानी कुल मिलाकर यहां की मिट्टी 'सर्वगुणसंपन्न' है.



# ये हैं दुनिया की सबसे खतरनाक झीलें, जहां मौत किस वक्त नसीब हो जाए, कोई नहीं जानता

**दुनियाभर आपको ऐसे स्थान मिल जाएंगे जो या तो बेहद खूबसूरत हैं या बेहत खतरनाक .आज हम आपको ऐसी झीलों के बताने जा रहे हैं जो दुनिया की सबसे खतरनाक झील मानी जाती हैं.**

अक्सर लोगों को झीलें बेहद पसंद होती हैं. झीलों को अपनी आंखों से दीदार करने का सपना आखिर किस व्यक्ति का नहीं होता. यूं तो दुनिया में एक से बढ़कर एक खूबसूरत झीलें हैं. लेकिन आज हम आपको कुछ झीलों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां जाना खतरे से खाली नहीं होता. अक्सर लोगों को झीलें बेहद पसंद होती हैं. झीलों को अपनी आंखों से दीदार करने का सपना आखिर किस व्यक्ति का नहीं होता. यूं तो दुनिया में एक से बढ़कर एक खूबसूरत झीलें हैं. लेकिन आज हम आपको कुछ झीलों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां जाना खतरे से खाली नहीं होता.

## कराचे झील



यह झील दक्षिण रूस के पहाड़ों के बीच स्थित है. यह दुनिया की सबसे खतरनाक और गहरी झीलों में से एक है. यह झील इतनी खतरनाक है कि अगर कोई व्यक्ति इसके पास 5 मिनट भी खड़ा हो जाए तो उसकी जान जा सकती है क्योंकि रशिया सरकार ने इस झील का इस्तेमाल रेडियोएक्टिव कचरा फेंकने के लिए किया था. इसी वजह से यह झील इतनी खतरनाक हो गई है.

## लेक मिशिगन ↓



यह झील दिखने में जितनी ज्यादा खूबसूरत लगती है उससे कही ज्यादा खतरनाक है. लोगों द्वारा ऐसा कहा जाता है कि इस झील के पास जानलेवा गैस का बादल छा गया और झील के आसपास मौजूद सभी जीवों की मौत हो गई. वैज्ञानिकों के अनुसार झील के नीचे ज्वालामुखी के कारण कार्बनडाई ऑक्साइड गैस पानी में मिल गया और इसका स्तर बढ़कर बादल का रूप ले लिए और चारों तरफ छा गया.

## बॉयलिंग लेक




जैसा कि नाम से ही जाहिर है कि इस झील का पानी हर समय उबलता रहता है. यह झील डोमिनिका, कैरिबियन आइलैंड पर है. झील के पास में ज्वालामुखी का क्रेटर होने के कारण यह झील हमेशा गर्म रहती है.



## ↑ मोनो लेक

ये झील कैलिफोर्निया की सबसे प्राचीन झील मानी जाती है. ऐसा कहा जाता है कि झील लगभग 760,000 साल पुरानी है. इस झील में अधिक मात्रा में कार्बोनेट, क्लोराइड और सल्फेट इकट्ठा हो गया, जिस कारण इस झील का पानी इंसानों के लिए जहरीला बन गया.



## क्या वाकई अमर होते हैं जेलीफिश

# कैसे खत्म होते हैं ये? क्या कहता है विज्ञान

**जेलीफिश को जैविक तौर पर अमर माना जाता है. वैज्ञानिक कहते हैं कि वे बूढ़ी नहीं होती है यानी उनकी उम्र बढ़ कर मरने की संभावना नहीं होती हैं. पर क्या ये वाकई अमर हैं क्या कभी खत्म हो ही नहीं सकती हैं. अध्ययन में पाया गया है कि वे उस तरह से अमर नहीं होती हैं जिस तरह से लोग सोचते हैं.**

दुनिया में कई जानवरों की खूबियों ने वैज्ञानिकों को हैरान किया हुआ है. इनमें ,खूबसूरत सी दिखाई देने वाली जेलीफिश भी हैं. आम लोगों को इनका आकार और जैली जैसा दिखने वाला शरीर आकर्षित करता है.दिलचस्प बात ये है कि इनकी प्रजातियों में इतनी विविधता है कि हर जेलीफिश अलगतरह की दिखती है और सभी अपनी अलग खूससूरती लिए होती हैं. पर वैज्ञानिकों को ध्यान इनकी दूसरी खूबियों पर होता है. इनमें सबसे अधिक इनकी जैविक अमरता वाला गुण है. पर आखिर इसका मतलब क्या है? क्या वाकई वे अमर होते हैं? ये दुनिया में खत्म कैसे हो सकता है या होते हैं?

## क्या है जेलीफिश?

आकार में जेलीफिश का बड़ा हिस्सा एक छाते या मशरूम के सिरे की तरह होता है और उस छाते के कोने से बहुत सारे तंतु निकले होते हैं. इसकी ना तो हड्डी होती है और ना ही इसका दिमाग, दिल या आंखे होती हैं. फिर भी हैरानी की बात ये है कि इन्हें फिश कहा जाता है. लेकिन अब एक्सपर्ट इन्हें फिश कहने से बचते हैं और इन्हें सी जेली कहा जाता है.

## अमर कैसे है जेलीफिश?

जेलीफिश की सबसे बड़ी खासियत यही है कि ये पैदा होने के बाद, बढ़कर यौवन काल तो पहुंचती हैं. लेकिन जब इनकी उम्र अधिक होने लगती है, तो ये अपना यौवनकाल वापस हासिल कर लेती हैं और कभी भी बूढ़ी होकर नहीं मरती हैं. इसीलिए वैज्ञानिक इन्हें जैविक तौर पर अमर कहते हैं.

## क्या है उनकी अजरता?

असल बात ये है कि जेलीफिश कभी अमर नहीं होती हैं, बल्कि वे कभी बूढ़ी नहीं होती हैं. ऐसे में वे अजर होती हैं और ऐसे में ये किसी और वजह से मर सकती हैं. वैज्ञानिकों के लिए जेलीफिश एंटीएजिंग के लिहाज से बहुत अहम है. वैज्ञानिक यही गुण इंसानों में लाना चाहते हैं जिससे इंसानों के बुढ़ापे संबंधित सारी समस्याओं को खत्म किया जा सके.

## तो क्या कभी नहीं मर सकती हैं जेलीफिश?

ऐसा नहीं है, वे मर सकती हैं. जेलीफिश के मरने के कई कारण हो सकते हैं और होते भी हैं. वे बीमार हो कर मर सकती हैं. शिकारी जीव उन्हें मार सकते हैं. पर्यावरण के खतरों से वे मर सकती हैं, यानी वे अगर ऐसे हालात में पहुंच जाएं जहां वे जिंदा ना रह सकें.

## जेलीफिश का दंश

ऐसा नहीं है कि जेलीफिश में बूढ़ा ना होने की काबिलियत है तो कुदरत ने उन्हें जिंदा रहने के लिए और सुरक्षा या अन्य काबिलियत नहीं दी है. वे शिकार जीवों से भी खुद को बचा सकते हैं. इसके लिए उनके तंतुओं में जहर की सुविधा है. हालाकि, बहुत सी जेलीफिश का जहर नुकसान नहीं पहुंचाता है, कुछ का यह जहर जानलेवा तक हो जाता है. इलाज ना होने पर ऐसी जेलीफिश का दंश जानलेवा हो सकता है.

## लगभग पानी से बनी होती हैं ये

जेलीफिश के बारे में लोग यह नहीं जानते हैं कि उनके शरीर का 95 फीसदी हिस्सा पानी होता है. उनमें सांस लेने का तंत्र भी नहीं होते हैं, लेकिन दिमाग ना होने पर भी उनमें एक खास नर्वस सिस्टम होता है जिससे खतरे और शिकार का अहसास कर पाती हैं. वे अंधेरे में भी चमकती हैं और इसी लिए वे लोगों के लिए खास आकार्षण का केंद्र बन जाती है. उन्हें भोजन के तौर पर भी खूब इस्तेमाल किया जाता है.

हैरानी की बात ये है कि करीब करीब अमर होने के बाद भी इनमें खूब प्रजनन होता है. ये खुद की ही कॉपी पैदा करती हैं और ऐसा वे बहुत तेजी से भी करती हैं. लेकिन इनमें लैंगिंक प्रजनन भी कम नहीं होता है. नर और मादा दोनों ही पानी में स्पर्म और अंडे छोड़ते हैं जो वहीं निषेचित होकर परिपक्क होते हैं.




**दुबई के नाद अल शेबा में स्थित दुनिया का सबसे गहरा स्विमिंग पूल आम जनता के लिए खोल दिया गया है। इसकी गहराई 60.02 मीटर है और इसमें पानी की मात्रा 14 मिलियन लीटर है। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने इसे दुनिया के सबसे गहरे पूल के रूप में सत्यापित किया है। मजे की बात ये है कि इस स्विमिंग पूल का आकार छह ओलंपिक आकार के स्विमिंग पूल के बराबर है। पूल का आकार यूएई की पर्ल डाइविंग विरासत के अनुरूप एक विशाल सीप के आकार का है। इस पूल का आकार 1,500 वर्गमीटर है।**

# दुबई में है दुनिया का सबसे गहरा स्विमिंग पूल

पूल की खास बात ये है कि इसमें एक गोताखोरी की दुकान भी है, एक गिफ्ट शॉप भी है। इसके अंदर एक रेस्त्ररां भी है जो इस साल के अंत तक जनता के लिए खुला रहेगा। पूल के अंदर दो आवास भी है। इसके अलावा 6 और 21 मीटर पर दो सूखे कमरे भी हैं, जहां बिल्कुल भी पानी नहीं है। पूल के अंदर लगे कैमरे पूल के चारों और की साज सज्जा को कवर करते हैं। पूल के अंदर का नजारा देखते ही बनता है। इस पूल को दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने मंजूरी दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर दुनिया भर के लोगों से इसका तुल्फ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, डीप डाइव दुबई में एक पूरी दुनिया आपका इंतजार कर रही है।

## हर 6 घंटे में फिल्टर किया जाता है पूल का पानी

इस पूल में भरे पानी को नासा द्वारा विकसित की गई सिलिसियस ज्वालामुखी चट्टान तकनीक से से हर 6 घंटे में फिल्टर किया जाता है। इसके अलावा पूल के पानी को तेजी से साफ करने के लिये यूवी किरणों का सहारा लिया जाता है। लोगों की सहूलियत के लिए पूल के पानी का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा नहीं होने दिया जाता है। अगर आप भी डीप डाइव दुबई में गोता लगाना चाहते हैं तो इसकी आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर बुकिंग करा सकते हैं।





मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

### ग्राम प्रधान की मौजूदगी में हजारों की संख्या में परंपरिक हथियार के साथ किया विरोध प्रदर्शन

# औद्योगिक गलियारा के लिए मौजा जेटके कुम्हार जोरी को चिन्हित करने का विरोध

मेट्रो रेज



**साहिबगंज/बोरिया :** अंचल के साहिबगंज-गोविंदपुर हाईवे पर बनने वाले औद्योगिक गलियारा के लिए मौजा जेटके कुम्हार जोरी को चिन्हित करने के विरोध जेंट के ग्राम प्रधान विनोद पहाड़िया के अध्यक्षता में 13 ग्राम प्रधान की मौजूदगी में हजारों की संख्या में परंपरिक हथियार के विरोध प्रदर्शन किया गया।सर्वप्रथम ग्राम सभा ग्रामीणों ने विचार विमर्श करते हुए प्रस्ताव लिया। ग्रामीणों ने बताया कि हम सभी आदिवासी जो परंपरागत रूप से वनों पर व खेतीबाड़ी पर ही आश्रित है।हम आदिवासी आदिकाल से जमीन पर खेती, बाड़ी पेड़ पौधो की रक्षा करए आये है।जिससे शुद्ध भोजन तथा शुद्ध पर्यावरण मिलता है।बैठक मे सभी ग्रामीणो ने बताया कि यदि मौजा जेटके कुम्हारजोरी में औधोगिक गलियारा स्थापित होने से हम आदिवासी की जमीन पर खेती बाड़ी नही कर सकते है।हम सभी ग्रामीण वर्षो से जमीन पर खेती करते है तथा जमीन से ही पालन पोषण कड़ते आ रहे है। जमीन दुसरो के अधीन होने से बहुत मुश्किल जीवन यापन होगा।ग्राम सभा की बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने विरोध करते हुए कहा कि जान देंगे जमीन नही देंगे के नारे के साथ औधोगिक गलियारा नही बनने देने का निर्णय लिया।ग्रामीणों ने बताया कि इस क्षेत्र में संथाल परगना काश्तकारी अधिनियम 1949 लागू है। इस कानून के तहत ग्राम सभा को शक्ति दिया गया है कि क्षेत्र का सभी कार्य ग्राम सभा के अधीन आता है।अतः ग्राम सभा से बिना सहमति किये जबरन काम करना कानून का उल्लंघन है।बैठक में उपस्थित सभज ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि ग्राम सभा का निर्णय की सर्वमान्य माना जाय व साहिबगंज जिला बोरियो अंचल अंतर्गत मौजा जेटके कुम्हारजोरी पर औधोगिक गलियारा स्थापित करने को लेकर भेजा गया पत्र को अविलंब रद्द किया जाय।

## नाबालिग का जंगल में फंदे पर लटका मिला शव

**पलामू।** बहन के घर जाने के लिए निकली नाबालिग लड़की का शव जंगल में फंदे पर लटका मिला। नाबालिक ने अपनी साड़ी से लटकर खुदकुशी कर ली। शनिवार को डेड बॉडी पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच में लाया गया। मामला पलामू जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के बभंडी के कोठी महुआ जंगल से जुड़ा है। यहां चिलबिल के पेड़ से बॉडी लटकी मिली। रामगढ़ पुलिस पदाधिकारी सोमाय मलगंडी ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार को सूचना मिली कि बभंडी के कोठी महुआ जंगल में नाबालिक लड़की की डेड बॉडी पेड़ से फंदे के सहारे लटक रही है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और डेड बॉडी को पेड़ से उतारकर कब्जे में ले लिया। बाद में उसकी पहचान कोठी महुआ गांव की 14 वषीर्या शिवलोचन कुमारी के रूप में हुई। शिवलोचन कुमारी शुक्रवार सुबह अपनी बहन के घर जाने की बात कह कर घर से निकली थी। शाम के समय स्थानीय लोगों ने जंगल में एक लड़की की डेड बॉडी देखी।

न्यूज IN ब्रीफ

## ऊर्जा व जल संरक्षण विषय पर किसानों का प्रशिक्षण संपन्न



**दुमका :** जिले के जरमुंडी प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार कक्ष में कृषि क्षेत्र में ऊर्जा संरक्षण और जल संरक्षण पर किसानों और अन्य संबंधित हित धारकों के लिए जेरेडा द्वारा ऊर्जा संरक्षण पर किसानों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यशाला में झारखंड नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी रांची के ऊर्जा विशेषज्ञ प्रभाकर कुमार झा द्वारा कार्यशाला में उपस्थित किसानों को योजनाओं को गहराई से समझने और कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में इनका अधिकतम लाभ उठाने की जानकारी दी साथ ही योजना की विस्तृत तकनीकी जानकारी से अवगत कराया।सभी किसानों को सोलर ऊर्जा से संबंधित सभी उपकरणों की विस्तृत तकनीकी जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से दी गई। साथ ही उपरोक्त ऊर्जा योजना से लाभ उठाने हेतु आवेदन प्रक्रिया की भी जानकारी से सभी उपस्थित कृषकों को अवगत कराया गया। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी अक्षय कुमार साह ने कार्यशाला में उपस्थित सभी आगंतुको का स्वागत करने के पश्चात कृषि एवं अन्य सोलर ऊर्जा प्रयोग क्षेत्र के बारे में जानकारी उपस्थित लोगों को दी। उन्होंने बताया कि किसान समृद्धि योजना अंतर्गत अभी भी कोई किसान इस माह तक ऑनलाइन सोलर पंप सेट हेतु आवेदन कर सकता है। बैठक में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक मिथिलेश कुमार एवं प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी गणेश कुमार सहित कई अन्य अधिकारी- कर्मचारी और विभिन्न ग्रामों से आये सैकड़ों किसान और महिलाएं मौजूद थे।

## होली मिलन समारोह का आयोजन



मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** शहर के जिरवाबाड़ी स्थित डॉक्टर अजय कुमार सिंह के मकान में ब्रह्मकुमारीज साहिबगंज द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साहिबगंज जिला प्रभारी बिंदु कुमारी मुख्य रूप से मौजूद रही।इस सम्मेलन समारोह का नाम अलौकिक होली स्नेह मिलन समारोह रखा गया है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विंदु कुमारी ने कहा कि वास्तव में यह एक अलौकिक और दिव्या होली मिलन रहा। अनेक बहनों और भाइयों के साथ पुष्पांजलि का बारिश करते हुए बड़े ही सभ्य और सुंदरता के साथ यह आयोजन संपन्न हुआ! यकीन मानिए होली का वास्तविक संदेश ऐसे पावन आयोजन के उपरांत मिलते हैं! तो वास्तव में भारत की पारंपरिक और पौराणिक होली का स्मरण आ जाता है। कार्यकम में कृष्णा शर्मा, माखनलाल यादव, विजय प्रसाद, राजेश कुमार, विजय पासवान, बुटन ओझा मोहन ओझा,डॉ अजय कुमार,मनोहर कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## यह रंग ना जाने कोई जात ना कोई बोली मुबारक हो आपको रंगों भरी होली

मेट्रो रेज



**साहिबगंज :** जिला सहित आस पास क्षेत्र में रंगों त्योहार होली पूरे देश में मनाया जा रहा है। हर तरफ रंग और खुशी से चमकते चेहरे नजर आ रहे हैं। आपसी प्रेम,भाईचारे और सद्भावना का त्योहार होली देशभर में पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। ये त्योहार परिवार को समाज से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रंगों का ये उत्सव सभी के जीवन को खुशियों से भर देता है। होली का त्योहार हर साल फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि को सेलिब्रेट किया जाता है। इस बार होली का त्योहार 15 मार्च यानी धूमधाम से मनाया गया है। ऐसे में लोग रंग और गुलाल से जमकर होली खेल रहे हैं। और एक दूसरे को बधाई देते नजर आऐ हैं। जबकि जिरवाबाडी थाना क्षेत्र स्थित पूर्वी फाटक में होली का अलग ही रंग देखने को मिला । जिसमें नृत्य के द्वारा राधा का रंग और कान्हा की पिचकारी,प्यार के रंग से रंग दो दुनिया सारी,यह रंग ना जाने कोई जात ना कोई बोली,मुबारक हो आपको रंगों भारी होली के गाना के साथ ग्रामीणों ने जमकर ठुमका लगया । वहीं दूसरी और जिला पशासन की ओर से असामाजिक तत्वों पर पहली नजर बनाए हुए थे।

## बाबा नगरी बासुकीनाथ धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**बासुकीनाथ :** फाल्गुन शुक्लपक्ष पुर्णिमा शुक्रवार के दिन विश्वप्रसिद्ध शिवनगरी बासुकीनाथ मंदिर में पूजा अर्चना को लेकर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ । मंदिर प्रबंधन द्वारा पुर्णिमा को लेकर तीन बजे प्रातः बाबा बासुकीनाथ सहित सभी मंदिरों का पट खोल दिया गया । सरकारी पूजा के बाद श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए बाबा मंदिर एवम पार्वती मंदिर में अरघा लगाया गया है । पूजा अर्चना के बाद मंदिर प्रांगण में आगंतुक श्रद्धालुओं ने जमकर अबीर गुलाल उड़ाये और जमकर होली खेली । एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाया और एक दुसरे को होली की शुभकामनाएं और बधाई दिया । बासुकीनाथ के पवित्र शिवगंगा सरोवर में हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और फौजदारी दरबार में हाजिरी लगाई ।

## कलश यात्रा में अधिक से अधिक माता बहनों से भाग लेने की अपील




मेट्रो रेज

### 17 से 25 मार्च तक नौ दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन कर रहा है बजरंग दल

**साहिबगंज :** शहर के रेलवे जेनरल इंस्टीच्यूट मैदान में 17 मार्च से 25 मार्च तक नौ दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन बजरंग दल द्वारा किया जा रहा है। बजरंग दल के जिला संयोजक करण सिंह ने बताया कि इस राम कथा वाचक में कथा व्यास सुभाष शास्त्री जी महाराज श्रीधाम अयोध्या जी से आएंगे।उन्होंने कहा कि श्री राम कथा 9 दिन तक चलेगा।उन्होंने कहा कि 17 मार्च सुबह 7 बजे कलश यात्रा टॉकीज फील्ड से बिजली घाट उसके बाद गंगा जी में पूजा पाठ करके गंगाजल लेकर पूरे शहर में भ्रमण किया जाएगा।उन्होंने इस कलश यात्रा में अधिक से अधिक माता बहनों से भाग लेने की अपील की है। साथ ही कहा कि प्रत्येक दिन कथा का समय दोपहर 3:00 से संध्या 6:00 तक चलेगा।

## यादव महासभा के होली मिलन समारोह में जमकर उड़े रंग गुलाल, गले मिलकर दी बधाई

मेट्रो रेज



**दुमका :** प्रांतीय यादव महासभा झारखंड के अभिन्न ईकाई दुमका जिला की ओर से होली मिलन समारोह इंडोर स्टेडियम के प्रांगण में मनाया गया। भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा पर रंग अर्पण कर होली कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। जिलाध्यक्ष शिवनारायण दर्बे की अध्यक्षता में आयोजित होली मिलन समारोह में जिसमें जिला के विभिन्न गांवों से यदुवंशी समाज के युवा और गण्यमान्य व्यक्तियों ने इसमें भाग लिया। देवघर जिला से आये हुए संगीत कलाकारों ने श्री कृष्ण भजन और होली संगीत पेश कर पुरे कार्यक्रम को चार चांद लगा दिया। कार्यक्रम में होली मिलन समारोह के जरिए समाज में एकता अखंडता और उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करने के लिए संकल्प लिया गया । कार्यक्रम में एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर आपस में गले मिलकर बधाई दिया गया। कार्यक्रम में महासभा के संरक्षक दिवाकर महतो, अनंत पंजियारा, डॉ जैनेन्द्र यादव, डॉ राजेश यादव, अनंत लाल खिरहर, प्रांतीय महासचिव सह संताल परगना प्रभारी डॉ अमरेन्द्र कुमार यादव, उपाध्यक्ष दयामय माजी व सुरेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष बिहारी यादव, सह कोषाध्यक्ष सौरभ यादव, वकील यादव, मदन यादव, मणिकांत यादव, ज्योतिष यादव, पंकज यादव, घनश्याम यादव, मनोज यादव, गौतम दर्बे, कंचन यादव, अनिल यादव, रामकुमार दर्बे, शेखर यादव, बालकृष्ण दर्बे, जेपी यादव, जयकांत जायसवाल, बिष्णु यादव, किशोर यादव, रवि यादव, विकास यादव, भोला भारती, बीरेंद्र यादव, प्रेम यादव, शत्रुघ्न यादव, जितेश दास, प्रमोद मंडल, शिवशंकर यादव, ब्रह्मदेव यादव, पवन यादव, जितेंद्र यादव, रमन कुमार रमन, छतीस महतो, बिजय कापरी, बाबुल यादव, अशोक यादव, राकेश यादव, हराधन मरीक, खूबलाल यादव, बुलेश यादव, सौमेन घोष, गोलक बिहारी महतो, बसंत यादव, राजीव पंजियारा, अरुण राउत, दुर्योधन यादव, रंजीत यादव, दीपेश यादव सहित सैकड़ों गण्य मान्य लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में तीन की मौत

**पलामू।** पलामू में सड़क दुर्घटनाओं ने होली की खुशियों को मातम में तब्दील कर दिया है। शुक्रवार देर शाम जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के महावीर मोड़ के पास हादसे में बाईक सवार दो युवकों की जान चली गई थी। इसके बाद बड़ी एक और रोड एक्सीडेंट हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में हुआ, जिसमें एक बाईक सवार की जान चली गई। हादसा जपला - छतरपुर मुख्य सड़क पर गमहरबीघा गांव के समीप हुआ। तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक सवार महेंद्र वर्मा ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। मृतक हुसैनाबाद स्थित वनांचल हॉस्पिटल के संचालक धर्मेन्द्र वर्मा के भाई थे। धक्का मारने वाला अज्ञात वाहन फरार हो गया। महेंद्र वर्मा होली मिलन कर संडा से जपला बाइक से लौट रहे थे। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचीं। छानबीन शुरू कर दी है। वहीं दूसरी ओर महेंद्र वर्मा की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने शनिवार को जपला- छतरपुर मुख्य पथ को नहर मोड़ के समीप जाम कर दिया है। जाम का नेतृत्व पूर्व विधायक सह बसपा के प्रदेश अध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता कर रहे हैं। प्रदर्शन करने वाले टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाकर दोषी पर कार्रवाई की मांग और मृतक के आश्रितों को मुआवजा देने की डिमांड कर रहे हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। महेंद्र वर्मा की मौत से क्षेत्र के लोग मर्माहत हैं। मौत को दुखद बताया है। महेंद्र वर्मा को मिलनसार और हंसमुख व्यक्ति बताया है। समाचार लिखे जाने तक सड़क जाम थी और इसके दोनों छोर पर बड़ी संख्या में वाहन फंसे हुए थे।

## लूट की योजना बनाते गिरफ्तार महफूज गंभीर हालत में रिम्स में भर्ती

**पलामू।** पलामू जिले के पांकी के कारीमाटी से लूट की योजना बनाते गिरफ्तार महफूज अहमद (24) को गंभीर हालत में रांची रिम्स में भर्ती किया गया है। उसकी हालत चिंताजनक बताई गई है। परिजनों ने शनिवार को कहा कि पुलिस पिटाई के कारण महफूज की ऐसी स्थिति बनी है। परिजनों ने महफूज को बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराने की गुहार लगाई है। उल्लेखनीय है कि छह मार्च को पलामू जिले की पांकी पुलिस ने कारीमाटी से लूट की योजना बनाते महफूज समेत चार अपराधियों को गिरफ्तार किया था। हथियार और गोली बरामद की गई थी। केंद्रीय कारा मेदिनीनगर की ओर से जानकारी दी गई है कि 6 मार्च को महफूज को जेल लाया गया था। यहां उसकी तबीयत ज्यादा खराब हो गई। पहले उसे इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती किया गया, वहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया था। पुलिस सुरक्षा में उसका इलाज किया जा रहा है। इधर परिजनों का कहना है कि एक मार्च को महफूज अहमद और उसके मकान मालिक को छतरपुर डाली के भीखही से नावाबाजार पुलिस ने पकड़ा था।

## कबीर आश्रम में एक दिवसीय सत्संग और भंडारे का आयोजन

मेट्रो रेज



**साहिबगंज :** फागुन मास में कबीर आश्रम में एक दिवसीय सत्संग और भंडारा का आयोजन किया गया।सत्संग में श्रोता वक्त संत महंत साध्वी आसपास के राज्यों से आए हुए कबीर पंथ के अनुयाई द्वारा सत्संग का आयोजन किया गया सत्संग के के मुख्य वक्ता संत मोतीलाल साहब जीने की राह मैं मैं रंगों का होना अनिवार्य है। नहीं तो यह दुनिया कैसी बेरंग लगेगी होली के रंग मात्र एक पाव ना होकर जीवन के विविध रंगों का दर्पण है या ऋतु परिवर्तन का उल्लास है। हृदय विकारों का दहन और आत्मीयता के रंग रस से अभी वयकित है। जब प्रकृति नव पल्लवो से सूजन सुसज्जित होती है। जब पुष्प अपनी सुगंध से वायुमंडल को सुरावत करते हैं। तब यह रंग उत्सव मनाओ संजीव हो हो उठता है। होली का प्रमुख आकर्षण इसके रंग है।जो सामाजिक भेदभाव को तिरोहित कर देते हैं। इसी दिन सब एक होते हैं कोई उच्च नीच नहीं कोई पराया नहीं गुलाल के हल्के पांव से आरंभ हुआ यह उत्सव जब चटकीले रंगों में परिणत होता है तब मानव की मां की शनि कीर्तन घुल जाती है मां प्रपाली आईआईटी हो उठता है। जैसे सुख वृक्ष पर वन वन को प्ले अंकुरित होकर हो उठता है। होली के केवल रंग ही नहीं अपितु आध्यात्मिक संदेश का भी संदेश है। कार्यक्रम में भागलपुर जिले के महंत मसूदन साहब, महंत ,गोपाल साहब ,संत रामानंद साहब ,संत मोहन मरांडी साहब, संत मोतीलाल साहब, संत बालक साहब, संत विष्णु देव साहब, संत सेवा दास साहब,संत किशोर साहब ,संत विवेकानंद, सहायक सेंट बिलाल सईद, संत रामचंद्र साहब संत जोगिंदर साहब ,संत अरुण साहब, संत बाबर साहब, संत श्यामलाल साहब, संत आरती साध्वी ,संत संजू साध्वी, संत नीलम साध्वी ,संत महावती साध्वी ,संत कंचन दासीन, संत अदिति दासीं ,संत गणेश साहिब, संत सेवा साहब, संत बटोरन साहब आदि सत्संग में उपस्थित थे। वही सत्संग और भंडारा के आयोजन करता महंत शंकर दास एवं समस्त संत परिवार की ओर से सत्संग और भंडारा का आयोजन किया गया है। वही संतों ने होलिका दहन पर विश्व के कल्याण और सारे बुराइयों को होलिका दहन में दान कर झारखंड राज्य के जो भी कलश और करवट द्दष्टाचार भ्रष्टाचार यह सारी चीज होलिका दहन में दान कर झारखंड राज्य का मंगलम के कामना की अब झारखंड का सारा पाप डॉकर महाकुंभ में विसर्जन हो गया है।

मुझे नहीं लगता इसके लिए उन्हें जेल होनी चाहिए

# विवाद के बीच समय रैना के बचाव में आई उर्फी




समय रैना के शो इंडियाज गॉट लैटेंट में अभद्र टिप्पणी को लेकर रणवीर इलाहाबादिया विवादों में हैं। समय रैना पर भी सवाल उठ रहे हैं। इस बीच उर्फी जावेद कथित फ्रेंड समय रैना के बचाव में आई हैं।

मशहूर यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने हाल ही में समय रैना के शो इंडियाज गॉट लैटेंट में परिवार को लेकर अश्लील टिप्पणी की। उन्होंने जो कुछ भी कहा, उस पर विवाद हो रहा है। रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना सहित कई लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज है। रणवीर की अलोचना हो रही है तो समय रैना पर भी सवाल उठ रहे हैं। यूट्यूब पर आपत्तिजनक कंटेंट दिखाने के लिए समय को जेल भेजने की मांग की जा रही है। इस पर उर्फी जावेद कथित दोस्त के बचाव में आई हैं।

### जेल नहीं भेजना चाहिए

समय रैना के शो इंडियाज गॉट लैटेंट को यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया के साथ पिछले एपिसोड को लेकर कड़ी आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। शो में कथित तौर पर अपमानजनक भाषा के इस्तेमाल को लेकर दोनों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना की जमकर आलोचना हो रही है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए उर्फी जावेद कहा है, भले ही पैनल पर इस तरह की टिप्पणियां की गईं, जो आपत्तिजनक थीं, लेकिन इसके लिए उन्हें जेल नहीं भेजना चाहिए।

### बोलीं- जो कहा वो गलत था, लेकिन...

उर्फी जावेद ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा है, आपको कुछ लोग पसंद नहीं हैं, आपको उनकी कही या की गई बातें पसंद नहीं हैं, लेकिन इसके लिए आप उन्हें जेल भेजने की मांग कर रहे हैं? क्या वाकई? मुझे नहीं पता। समय दोस्त है, मैं उनका साथ देती हूं, लेकिन पैनल के बाकी लोगों ने जो कहा वह आपत्तिजनक था। वह टिप्पणी आपत्तिजनक थीं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि वे इसके लिए जेल जाने के लायक हैं।

# रणवीर इलाहाबादिया के समर्थन में उतरीं राखी सावंत, कहा- उसे माफ कर दो




**अभिनेत्री** राखी सावंत रणवीर इलाहाबादिया के समर्थन में सामने आई हैं और उन्होंने रणवीर को माफ करने की अपील की है। अभिनेत्री भी समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' का हिस्सा बन चुकी हैं।

अभिनेत्री राखी सावंत रणवीर इलाहाबादिया के समर्थन में सामने आई हैं। रणवीर ने समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में आपत्तिजनक और विवादित बयान दिया था, जिसके बाद से देश भर में उनका विरोध हो रहा है। राखी सावंत भी समय रैना के इस शो में पहले आ चुकी हैं। कड़े विरोध के बाद रणवीर इलाहाबादिया ने एक वीडियो जारी करते हुए अपने बयान के लिए माफी भी मांगी। अब राखी सावंत ने रणवीर को माफ करने की अपील की है। राखी सावंत भी समय रैना के इस शो में बतौर जज हिस्सा ले चुकी हैं। अब रणवीर के सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने के बाद उन्होंने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी। राखी ने पोस्ट करते हुए कहा, उसे माफ कर दो यार। यह ठीक है, कभी-कभी ऐसा होता है। उसे माफ कर दो। मुझे पता है कि उसने गलत किया, लेकिन उसे माफ कर दो।

### रणवीर इलाहाबादिया ने मांगी सार्वजनिक माफी

भारी विरोध और आलोचना का सामना करने के बाद रणवीर ने सोमवार को अपनी टिप्पणी की पूरी जिम्मेदारी ली और माफी मांगी। रणवीर ने कहा, मेरी टिप्पणी न केवल अनुचित थी, बल्कि यह मजेदार भी नहीं थी। कॉमेडी मेरी विशेषता नहीं है, मैं यहां सिर्फ माफी मांगने आया हूं। आप में से कई लोगों ने पूछा कि क्या मैं इस तरह से प्लेटफॉर्म का उपयोग करना चाहता हूं और जाहिर है कि मैं इसका उपयोग इस तरह से नहीं करने जा रहा हूं। मैं जो कुछ भी हुआ उसके पीछे कोई सफाई या तर्क नहीं देने जा रहा हूं। बस माफी मांग रहा हूं। व्यक्तिगत रूप से मेरी निर्णय लेने की क्षमता में कमी थी। यह मेरी ओर से ठीक नहीं था। उन्होंने आगे कहा, पॉडकास्ट को हर उम्र के लोग देखते हैं। मैं ऐसा व्यक्ति नहीं बनना चाहता जो इस जिम्मेदारी को हल्के में ले। अंत में मैं बस इतना ही कह सकता हूं कि मुझे खेद है। मुझे उम्मीद है कि आप मुझे एक इंसान के तौर पर माफ कर देंगे।



### टॉक्सिक की शूटिंग दो भाषाओं में कर रहीं कियारा आडवाणी, बेंगलुरु में चल रहा फिल्म पर काम

**कियारा** आडवाणी अपनी पहली द्विभाषी फिल्म टॉक्सिक की शूटिंग अंग्रेजी और कन्नड़ दोनों भाषाओं में कर रही हैं। इन दिनों फिल्म की शूटिंग बेंगलुरु में हो रही है। अभिनेत्री कियारा आडवाणी इन दिनों अपनी पहली कन्नड़ फिल्म टॉक्सिक की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक गीता मोहनदास के हाथों में है। यह फिल्म एक हाई-ऑक्टेन एक्शन गैंगस्टर ड्रामा है, जिसे अंग्रेजी और कन्नड़ दोनों भाषाओं में एक साथ शूट किया जा रहा है।

बीते काफी समय से कियारा का करियर कुछ खास नहीं चल रहा है। ऐसे में टॉक्सिक से उन्हें काफी ज्यादा उम्मीदें हैं। इस फिल्म को लेकर वह काफी ज्यादा मेहनत भी कर रही हैं। कियारा आडवाणी इस फिल्म में दोनों भाषाओं (अंग्रेजी और कन्नड़) में अपने संवादों को प्रस्तुत करेंगी, जो उनके करियर में एक महत्वपूर्ण कदम है। फिल्म में यश मुख्य भूमिका में हैं। केजीएफ चैप्टर 2 के बाद यश इस फिल्म से बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रहे हैं। यही वजह है कि इस नई जोड़ी को पर्दे पर देखने के लिए फैंस काफी ज्यादा उत्सुक नजर आ रहे हैं।

# मुंबई इंडियंस ने जीता डब्ल्यूपीएल 2025 का खिताब, दिल्ली कैपिटल्स को 8 रन से हराया

एजेंसी

**मुंबई :** मुंबई इंडियंस ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए दिल्ली कैपिटल्स को 08 रनों से हराकर दूसरी बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेले गए इस रोमांचक मैच में दर्शकों को कांटे की टक्कर देखने को मिली, लेकिन अंत में मुंबई की टीम ने बाजी मार ली। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरूआत अच्छी नहीं रही। शुरूआती झटकों के बाद हरमनप्रीत कौर और नेट साइवर ब्रंट की जोड़ी ने टीम को मुश्किल से उबारा। हरमनप्रीत ने 66 रन की बेहतरीन पारी खेली, जबकि साइवर ब्रंट ने



30 रन बनाए। इस साझेदारी की बदौलत मुंबई की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 149 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रही। 149 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की शुरूआत भी खराब रही। हालांकि, मैरिजेन कैप (40 रन) और जेमिमा रोड्रिग्ज (30 रन) ने दिल्ली की पारी को संभालने की कोशिश की। मैच के अंतिम ओवरों में दिल्ली के बल्लेबाजों ने जीत के लिए संघर्ष जारी रखा, लेकिन मुंबई की सधी हुई गेंदबाजी के चलते लक्ष्य से 8 रन पीछे रह गई। यह लगातार तीसरा मौका था जब दिल्ली कैपिटल्स डब्ल्यूपीएल के फाइनल में पहुंचकर ट्रॉफी जीतने में नाकाम रही। 2023 में मुंबई इंडियंस, 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और अब 2025 में फिर से मुंबई इंडियंस ने दिल्ली का सपना तोड़ दिया। मुंबई इंडियंस अब डब्ल्यूपीएल की पहली टीम बन गई है जिसने दो बार खिताब जीता है। इससे पहले, उन्होंने 2023 में पहला सीजन जीता था, जब उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स को 7 विकेट से हराया था। इस बार भी उन्होंने दिल्ली को 8 रनों से हराकर अपनी बादशाहत कायम रखी।

### हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कार 2024 : सविता और हरमनप्रीत बने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**नई दिल्ली :** हॉकी इंडिया के 7वें वार्षिक पुरस्कार समारोह 2024 का आयोजन नई दिल्ली में 15 मार्च को हुआ, जिसमें भारतीय हॉकी के सितारों और दिग्गजों को सम्मानित किया गया। इस वर्ष का आयोजन विशेष रहा क्योंकि हॉकी इंडिया ने भारतीय हॉकी के 100 वर्ष और 1975 विश्व कप जीत की स्वर्ण जयंती को एक साथ मनाया। इसी उपलक्ष्य में 1975 विश्व कप विजेता टीम को हॉकी इंडिया मेजर ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया और प्रत्येक सदस्य को 50 लाख रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। इस भव्य समारोह में हॉकी जगत की प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति रही और इस वर्ष पुरस्कारों के लिए कुल 12 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि रखी गई, जो कि अब तक की सबसे बड़ी इनामी राशि है। इस समारोह में भारतीय महिला हॉकी टीम की दिग्गज गोलकीपर सविता और भारतीय पुरुष टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर अवॉर्ड फॉर प्लेयर ऑफ द ईयर 2024 से सम्मानित किया गया। सविता को यह सम्मान महिला वर्ग में और हरमनप्रीत को पुरुष वर्ग में प्रदान किया गया। दोनों खिलाड़ियों को 25 लाख रुपये और एक ट्रॉफी प्रदान की गई। सविता ने पुरस्कार मिलने पर अपनी खुशी जताते हुए कहा, श्यह मेरे लिए बहुत गर्व का क्षण है। यह पुरस्कार मेरे साथियों, कोचों, परिवार और हॉकी प्रेमियों के समर्थन के बिना संभव नहीं होता। यह मुझे और कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा देगा। वहीं, हरमनप्रीत सिंह ने भी अपनी प्रतिक्रिया में कहा, श्यह पुरस्कार केवल मेरे लिए नहीं बल्कि पूरी टीम के लिए है। मुझे उम्मीद है कि हमारी पुरुष और महिला टीमें बिना किसी दबाव के खेलेंगी और लगातार अच्छे प्रदर्शन से भारतीय हॉकी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगी।

# विश्व कप से पहले भारतीय निशानेबाजों का राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय निशानेबाजों की तैयारियों को मजबूत करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन दिल्ली के करणी सिंह शूटिंग रेंज में किया गया है। यह शिविर अर्जेंटीना और पेरू में होने वाले आगामी आईएसएसएफ वर्ल्ड कप चरणों की तैयारियों के तहत आयोजित किया गया है, जिसमें भारतीय स्क्वाड अपने कौशल को निखारने और प्रतियोगिता के लिए खुद को तैयार करने में जुटा है।

### शिविर में देश के शीर्ष निशानेबाजों की भागीदारी

शिविर में कुल 35 सदस्यीय भारतीय स्क्वाड हिस्सा ले रहा है, जिसमें ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप स्तर के अनुभवी खिलाड़ी शामिल हैं। निशानेबाजों ने अपने कोचों के मार्गदर्शन में गहन प्रशिक्षण शुरू कर दिया है। पहले समूह के खिलाड़ी 26 मार्च को अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स रवाना होंगे, जहां 01 से 11 अप्रैल 2025 तक पहला आईएसएसएफ वर्ल्ड कप होगा। इसके बाद, टीम 13 से 22 अप्रैल 2025 तक पेरू के लीमा में होने वाले दूसरे वर्ल्ड कप चरण में भाग लेगी।

### शिविर में नई प्रतिभाओं पर विशेष ध्यान



भारतीय टीम में अनुभवी निशानेबाजों के साथ-साथ नई प्रतिभाओं को भी मौका दिया गया है। हाल ही में राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने वाली अनन्या नैदी जैसे युवा निशानेबाज इस शिविर में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए एक बड़ा अवसर है। देश के शीर्ष निशानेबाजों और प्रशिक्षकों से सीखने का मौका मिलना मेरे करियर के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।₹

### शीर्ष महिला निशानेबाजों की मजबूत उपस्थिति

भारतीय टीम की दो बार की ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मनु भाकर इस प्रतियोगिता में दो व्यक्तिगत स्पधाओं–10 मीटर एयर पिस्टल और 25 मीटर पिस्टल–में हिस्सा लेंगी। इसके अलावा, अन्य प्रमुख निशानेबाज भी विभिन्न श्रेणियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

### कोचों की नई टीम तैयार

शिविर में अनुभवी प्रशिक्षकों के साथ-साथ कुछ नए कोच भी शामिल हुए हैं। इनमें पूर्व अंतरराष्ट्रीय शूटर जीतू राय और पूजा घटकर भी शामिल हैं, जो अब राष्ट्रीय स्तर पर कोच की भूमिका निभा रहे हैं। टीम की मुख्य कोच दीपाली देशपांडे ने कहा कि ₹यह शिविर खिलाड़ियों की व्यक्तिगत ताकत और सुधार के क्षेत्रों को समझने का एक महत्वपूर्ण चरण होगा।₹

### भारत का बेहतरीन रिकॉर्ड और आगामी चुनौतियां

भारत ने हाल के वर्षों में अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया है। पिछले वर्ष आईएसएसएफ वर्ल्ड कप काहिरा में भारतीय टीम ने पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया था।



# नई पीढ़ी इंस्टाग्राम पर ज्यादा फोकस करती है



**अमीषा** पटेल ने हाल ही में फिल्म इंडस्ट्री में आए बदलाव को लेकर बात की है। उन्होंने बताया कि नई पीढ़ी के कलाकार अपनी एक्टिंग पर ध्यान देने के बजाय, सोशल मीडिया पर ज्यादा ध्यान देते हैं। फिल्म इंडस्ट्री में आए अमीषा पटेल ने बातचीत के दौरान अपनी पीढ़ी के एक्टर्स और नई पीढ़ी के एक्टर्स के बीच के डिफरेंस को लेकर बात की। एक्ट्रेस ने कहा- मुझे वाकई लगता है कि हमारा समय कहीं ज्यादा अच्छा था। और तब से लेकर अब तक, हम जैसे कलाकार - चाहे शाहरुख हों, सलमान हों, मैं, प्रीति, रानी, ??करीना। हम सभी का ध्यान इस बात पर रहा कि हम कैमरे के सामने क्या करते हैं। अमीषा पटेल ने आगे कहा- जबकि आज की पीढ़ी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ज्यादा फोकस करती है। जो कि मुझे लगता है कि ये एक चिंता का विषय है। ये सबसे बड़ी कमी है कि वे बॉक्स ऑफिस पर अपनी फिल्म के टिकट खरीदने के लिए ऑडियंस को अट्रैक्ट नहीं कर पाते है। उनका पूरा फोकस रील बनाने पर होता है। जिसमें वे दिखाते हैं कि उनके मेकअप वैन में उनके मेकअप आर्टिस्ट, उनके स्टाइलिस्ट, उनके को-एक्टर्स के साथ क्या-क्या होता है। वे बड़े पर्दे पर दिखने की तुलना में पार्टियों में ज्यादा खुश दिखाई देते हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि प्रायोरिटी में यह बदलाव नए कलाकारों के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में साफ दिखाई देता है।



# पर्सनल स्टाइल पर खूब प्रयोग करती हैं जैकलीन, बताया पर्दे पर निभाना चाहती हैं किस फैशन आइकन की भूमिका

**अभिनेत्री** जैकलीन फर्नांडीज ने बात की। उन्होंने न केवल फैशन और काम को लेकर बात की, बल्कि बताया कि वह पर्दे पर फ्रांसीसी फैशन डिजाइनर कोको चैनल की भूमिका निभाना चाहती हैं। चंडीगढ़ में ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर में डिजाइनर कनिका गोयल के लिए रैंप पर उतरीं जैकलीन ने कहा, मुझे लगता है कि फैशन का मतलब रचनात्मक होने के साथ यूनिक होना है। आप फैशन के साथ हर दिन खुद के होने का जश्न मनाते हैं। फैशन खूबसूरत और पॉजिटिव चीज है। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें स्क्रीन पर एक फैशन आइकन की भूमिका निभानी है। अभिनेत्री ने कहा, हां मैं 'कोको चैनल' की भूमिका निभाना चाहूंगी। अभिनेत्री ने आगे बताया, जब ड्रेसिंग या कैजुअल होने के बीच चयन की बात आती है तो सब कुछ मूड पर निर्भर करता है। मुझे अक्सर मूड स्विंग्स होते हैं। मैं ज्यादातर समय कैजुअल में रहती हूं। मेरे कई स्टाइलिस्ट्स मुझसे कहते हैं, जैकी, आपका वॉर्डरोब बहुत साधारण है! क्योंकि मुझे हमेशा स्टाइल किया जाता है, इसलिए मैं अपने कपड़ों को लेकर ज्यादा परेशान नहीं होती हूं, वे सामान्य से ही अच्छे लगते हैं। अभिनेत्री ने आगे बताया, मुझे एक बहुत अच्छी, हॉट ड्रेस पहननी हो और मौज-मस्ती करनी हो या फिर जब बात रेड कार्पेट या खासकर स्टेज पर जाने की बात आती है तो मुझे स्टेज के लिए तैयार होना बहुत पसंद है। हालांकि, मैं 90 प्रतिशत समय में कैजुअल रहती हूं। अभिनेत्री ने बताया कि वह अपने फैशन के साथ बहुत प्रयोग करती हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैं पहले अपने पर्सनल स्टाइल, अपने पर्सनल फैशन के साथ बहुत प्रयोग करती थी और अब मैं इन चीजों को लेकर सहज महसूस करती हूं और इसी कड़ी में मैं खुद को समझने लगी हूं।



मैं भगवान का शुक्रगुजार हूं

# बच्चों में अपनी आदतों के न होने पर बोले शाहरुख खान

बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान ने कहा कि उनके बच्चों में उनकी आदत नहीं आई, इसके लिए वे भगवान का शुक्रिया करते हैं।

शाहरुख खान बॉलीवुड के अलावा अपने फैंस के लिए एक मार्गदर्शक की तरह भी हैं। हर कोई उनकी आदतों को अपनाना चाहता है, उनकी तरह बनना चाहता है। वहीं, शाहरुख खान इस बात से खुश हैं कि उनके बच्चों में उनकी आदतें नहीं गईं। इसके लिए वे भगवान का शुक्रिया भी अदा करते हैं। साल 2024 में एक इवेंट के दौरान शाहरुख खान ने कहा कि उनके किसी भी बच्चे में उनकी आदतें नहीं हैं, इस वजह से वे बहुत खुश हैं। पठान अभिनेता ने आगे कहा, मैं इसके लिए भगवान का शुक्रिया अदा करता हूं। वे अच्छे बच्चे हैं। वे मुझसे कहीं बेहतर इंसान हैं। शाहरुख खान ने कहा कि उनके अबराम और सुहाना के गालों पर डिंपल पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि उनके बच्चे वही करें जिससे उन्हें खुशी मिले। वे जो चाहें बन सकते हैं।

# हिमाचल के चार जिलों में बर्फबारी, शिमला में ओलावृष्टि, ठंड बढ़ी

एजेंसी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में मौसम के तेवर सख्त बने हुए हैं। बीते 24 घंटों में राज्य के कई हिस्सों में जोरदार बारिश, बर्फबारी और ओलावृष्टि दर्ज की गई है। प्रदेश के चार पहाड़ी जिलों लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू और शिमला के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ताजा हिमपात हुआ है। वहीं, शिमला शहर में बीती रात बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई। इसके अलावा राज्य के निचले और मैदानी इलाकों में भी झमाझम बारिश हुई जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई और ठंड बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के कई क्षेत्रों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में भारी अंतर देखा गया है। सबसे कम तापमान लाहौल स्पीति जिला के मुख्यालय केलांग में -2.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे अधिक तापमान सिरमौर के



धौलाकुआं में 27.4 डिग्री सेल्सियस रहा। प्रदेश में सबसे अधिक वर्षा मनाली में 65.0 मिमी दर्ज की गई, जबकि भुंतर (45.6 मिमी), सिओबाग (42.0 मिमी), गोहर (36.0 मिमी), कोठी (34.0 मिमी) और कई अन्य स्थानों पर भी अच्छी बारिश हुई। इसके अलावा ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी भी दर्ज की गई। सबसे ज्यादा बर्फबारी जिला कुल्लू के कोठी में हुई, जहां 27.5 सेंटीमीटर हिमपात दर्ज किया गया। इसके अलावा लाहौल स्पीति के कूकुमसेरी में 4.8 सेमी, शिमला के खद्राला में 5.0 सेमी, केलांग और किन्नौर के कल्पा में 4.0 सेमी तथा सांगला में 3.4 सेमी बर्फबारी हुई। बर्फबारी के कारण कई स्थानों पर सड़कों पर फिसलन बढ़ गई है जिससे यातायात प्रभावित हुआ है। कुल्लू में जलोड़ी जोत बंद, लाहौल-स्पीति में बर्फबारी से यातायात पर असर कुल्लू जिले में जलोड़ी जोत पर बर्फबारी के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग-305 (आनी-कुल्लू मार्ग) पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई है। हालांकि अटल टनल रोहतांग से आवाजाही जारी है, लेकिन बर्फबारी के कारण यात्रा में कठिनाइयां बनी हुई हैं। लाहौल-स्पीति, कुल्लू, चंबा और किन्नौर जिलों में बर्फबारी के कारण हिमखंड (एवलांच) गिरने की आशंका को देखते हुए अलर्ट जारी किया गया है। लाहौल-स्पीति में बर्फबारी के कारण लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। जिले में 104 से अधिक सड़कें और 32 बिजली के ट्रांसफार्मर बंद हो गए हैं जिससे स्थानीय निवासियों को बिजली और परिवहन संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। किन्नौर जिले के ऊपरी इलाकों में भी हल्की बर्फबारी हुई है जिससे तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। ठंड बढ़ने से जनजीवन प्रभावित हुआ है और स्थानीय लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए हैं। इस बीच राजधानी शिमला सहित राज्य के अधिकांश हिस्सों में आज बादल छाए हैं। मंडी जिले में आज सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता घटकर 800 मीटर रह गई। मौसम विभाग के अनुसार हिमाचल प्रदेश में अगले कुछ दिनों तक मौसम में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। 16 मार्च यानी आज कुछ स्थानों पर गरज के साथ बारिश और ओलावृष्टि का येलो अलर्ट जारी किया गया है। 17, 19, 20 और 21 मार्च को कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। 18 और 22 मार्च को मौसम शुष्क रहेगा और आसमान साफ रहने की उम्मीद है। 17 से 22 मार्च के बीच बारिश व बर्फबारी को लेकर किसी तरह की चेतावनी जारी नहीं की गई है।

## बालोद में खड़े ट्रक से टकराई बाइक, तीन दोस्तों की मौत

एजेंसी

**बालोद/रायपुर :** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले के अर्जुन्दा थाना क्षेत्र में बीती देर रात एक बाइक खड़े ट्रक से टकरा गई, हादसे में तीन दोस्तों की मौत हो गई । पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की देर रात तीनों युवक तेलीटोला गांव की ओर से फाग प्रतियोगिता देखकर मोटरसाइकिल (सीजी 07 एजे 8736) से अपने गांव मनकी लौट रहे थे। गांव के पास पहुंचने से पहले उनकी बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक (सीजी 07 बीए 4777) से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों को तत्काल अर्जुंदा स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही अर्जुंदा पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को मचुर्री भेज दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतकों का आज पोस्टमार्टम किया जाएगा।

मृतकों की पहचान अनिल कुमार साहू (18 वर्ष), पिता खिलेश कुमार साहू, पीयूष साहू (17 वर्ष), पिता दिलीप साहू और विकास ठाकुर (22 वर्ष), पिता सुखित राम ठाकुर के रूप में हुई है है, तीनों युवक ग्राम मनकी के रहने वाले थे।

## महाराष्ट्र में होने वाले परिषद् के उपचुनाव के लिए भाजपा ने जारी की उम्मीदवारों की सूची

**नई दिल्ली :** महाराष्ट्र में विधान परिषद् की खाली पांच सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को 3 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए। रविवार को भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने महाराष्ट्र में होने वाले विधान परिषद् के उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी। भाजपा ने संदीप जोशी, संजय केनेकर और दादाराव केचे को टिकट दिया, जो महाराष्ट्र विधान परिषद् का उपचुनाव लड़ेंगे। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र विधान परिषद् की खाली हुई 5 सीटों के लिए 27 मार्च को मतदान होगा।

# समस्याओं का निदान कराएं, पीड़ितों को न्याय दिलाएं: सीएम

### सीएम योगी ने जनता दर्शन में सुनीं 150 लोगों की समस्याएं

एजेंसी




**गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भी गोरखनाथ मंदिर में 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान 150 से अधिक लोग पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी के पास पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुना और अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार 'सबका विश्वास, सबका विकास' के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि समस्याओं का निदान कराएं और पीड़ितों को न्याय दिलाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि जरूरतमंदों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाएं और उन्हें विकास से जोड़ें। पीड़ितों की समस्या के समाधान के लिए संकल्पित है सरकार मुख्यमंत्री योगी रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में पीड़ितों की समस्याएं सुन रहे थे। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ सीएम ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे, जिस पर मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने इलाज से जुड़े एस्टिमेट मंगाने के लिए कहा। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश भी दिया।

# मेवाड़ पूर्व राजपरिवार के वरिष्ठ सदस्य अरविंद सिंह मेवाड़ का निधन, अंतिम यात्रा कल

एजेंसी

**उदयपुर :** मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के वरिष्ठ सदस्य और एचआरएच ग्रुप ऑफ होटल्स के अध्यक्ष अरविंद सिंह मेवाड़ का रविवार तड़के निधन हो गया। वे पिछले काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे और सिटी पैलेस स्थित अपने निवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। चिकित्सकों की देखरेख में उनका उपचार घर पर ही चल रहा था। उनके निधन से उदयपुर सहित पूरे मेवाड़ अंचल में शोक की लहर दौड़ गई है। सिटी पैलेस में पर्यटकों का प्रवेश बन्द कर दिया गया है। उनके पुत्र लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ की ओर से जारी सूचना के अनुसार उनकी पार्थिव देह के अंतिम दर्शन सोमवार 17 मार्च सुबह 7 बजे से किए जा सकेंगे। अंतिम यात्रा 17



मार्च सुबह 11 बजे शंभू निवास से आरम्भ होकर बड़ी पोल, जगदीश चौक, घण्टाघर, बड़ा बाजार, देहलीगेट होते हुए आयड़ गंगोद्भव कुंड स्थित महासतियां जाएगी। अरविंद सिंह मेवाड़, मेवाड़ राजघराने के महाराणा भगवत सिंह मेवाड़ और महारानी सुशीला कुमारी के पुत्र थे। वे अपने पिता के सबसे छोटे बेटे थे। उल्लेखनीय है कि उनके बड़े भाई मेवाड़ के पूर्व महाराणा महेन्द्र सिंह मेवाड़ का भी निधन बीते वर्ष 10 नवंबर 2024 को हो गया था। मेवाड़ राजपरिवार से जुड़े होने के साथ-साथ अरविंद सिंह मेवाड़ का व्यक्तित्व एक कुशल प्रशासक, उद्योगपति और सामाजिक सरोकारों से गहरे जुड़े व्यक्ति के रूप में भी पहचाना जाता रहा है। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा अजमेर के प्रतिष्ठित मेयो कॉलेज से प्राप्त की थी। इसके बाद उन्होंने उदयपुर से कला संकाय में स्नातक की उपाधि ली। शिक्षा के प्रति उनकी ललक यहीं नहीं रुकी और वे उच्च अध्ययन के लिए इंग्लैंड गए, जहां उन्होंने सेंट एल्बंस मेट्रोपॉलिटन कॉलेज से होटल मैनेजमेंट में डिप्लोमा प्राप्त किया। शिक्षा के उपरांत उन्होंने अमेरिका में कुछ वर्षों तक कार्य भी किया और फिर उदयपुर लौट आए। अरविंद सिंह मेवाड़ एचआरएच ग्रुप ऑफ होटल्स के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक पद पर कार्यरत रहे।

## पुलिस का 5 घंटे चला गिरफ्तारी अभियान, 33 अभियुक्त गिरफ्तार

एजेंसी

**फिरोजाबाद :** जनपद पुलिस ने शनिवार की रात्रि में पांच घंटे अभियान चलाकर 33 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त विभिन्न मुकदमों में वांछित अभियुक्त है जो फरार चल रहे थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा वारंटियों एनबीडब्लू व एसआर केसों में वांछित अभियुक्तों के विरूद्ध शनिवार की रात्रि को 12.00 बजे से सुबह 05.00 बजे तक अभियान चलाया। इस अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा कुल 32 एनबीडब्लू वारंटी, व 1 वाँछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। जिनमे थाना उत्तर ने 1, थाना दक्षिण ने 3, थाना रसूलपुर ने 1, थाना नारखी ने 5, थाना पचोखरा ने 1, थाना रजावली ने 4, थाना सिरसागंज ने 2, थाना नगला खंगर ने 3, थाना अराव ने 1, थाना



नसीरपुर ने 1, थाना शिकोहाबाद ने 2, थाना खैरगढ़ ने 2, थाना जसराना ने 2, थाना फरिहा ने 1, थाना एका ने 1, थाना मटसेना ने 2, व बसई मोहम्मदपुर ने 1 अभियुक्त को पकड़ा है। इस प्रकार जनपदीय पुलिस टीम द्वारा मात्र 5 घण्टे में एनबीडब्लू वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 33 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस के अनुसार वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# सराफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की घटी कीमत

### साप्ताहिक आधार पर सोने में 1,800 से 1,960 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** अमेरिका की टैरिफ पॉलिसी को लेकर बनी अनिश्चितता, ट्रेड वॉर की आशंका और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा एक बार फिर ब्याज दरों में कटौती करने की संभावना के कारण सेफ एसेट के रूप में वैश्विक स्तर पर पिछले सप्ताह के दौरान सोने की मांग में तेजी बनी रही। अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहली बार शुक्रवार को सोना 3 हजार डॉलर प्रति ऑन्स के स्तर को पार कर गया। घरेलू सराफा बाजार में भी पिछले सप्ताह के दौरान सोने के भाव में ओवरऑल तेजी बनी रही। इस



एक सप्ताह के कारोबार में 24 कैरेट सोने के भाव में 1,960 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने के भाव में 1,800 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी आई है। दूसरी ओर, घरेलू सराफा बाजार में आज मामूली गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट के कारण आज देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 89,670 रुपये से लेकर 89,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 82,200 रुपये से लेकर 82,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। कीमत में कमजोरी आने के कारण दिल्ली सराफा बाजार में चांदी भी आज 1,03,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 89,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 82,350 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 89,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 82,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 89,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 82,250 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 89,670 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 82,200 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 89,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 82,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 89,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 82,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 89,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 82,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 89,820 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 82,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 89,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 82,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### एसएसबी ने प्रतिबंधित दवाओं के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार

**अररिया :** एसएसबी 56वीं बटालियन की बेला बीओपी की टीम ने शनिवार देर शाम भारत नेपाल सीमा से सटे बसमतिया इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास छापेमारी कर भारी मात्रा में प्रतिबंधित दवाओं के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया।एसएसबी ने भारत नेपाल सीमा के एक किलोमीटर के अंदर गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई की।एसएसबी के बेला समवाय की छह जवानों की स्पेशल टीम ने यह कार्रवाई की। एसएसबी ने एक लाख 26 हजार रुपये के स्पेशमो प्रॉक्सीवन कैप्सूल 11 हजार 520 पीस,दो मोटरसाइकिल,दो मोबाइल,चार सीम कार्ड जब्त किया।एसएसबी ने मामले में बेला गांव के वार्ड संख्या चार निवासी 36 वर्षीय राम खेलावन पासवान पिता बच्चा पासवान और घुरना थाना क्षेत्र के महेशपट्टी वार्ड संख्या 14 के 26 वर्षीय ओमप्रकाश कर्ण पिता मुरलीलाल कर्ण को गिरफ्तार किया। एसएसबी ने गिरफ्तार तस्करों के साथ जब्त प्रतिबंधित दवाओं को बसमतिया थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया,जिसके आलोक में बसमतिया थाना पुलिस ने मामला दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

### दुष्कर्म का आरोपित पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**लखनऊ :** विभूतिखंड थाना इलाके में शनिवार को एक बच्ची से दुष्कर्म मामले में दूसरे शहर भाग रहे आरोपित को पुलिस ने देर रात रेलवे क्रासिंग के पास मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। बच्ची की हालत गंभीर है। पुलिस उपायुक्त पूर्वी ने देर रात जारी बयान में बताया कि शनिवार को नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म करने वाला मुख्य आरोपित दूसरे शहर भगाने की फिराक में खरगू के हैनीमैन क्रासिंग के पास खड़ा होकर ट्रेन का इंतजार कर रहा था। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास में लगी पुलिस टीम ने आरोपित को चारों तरफ से घेर लिया। इस पर उसने पुलिस टीम पर फायरिंग की,जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई जिसमें वह घायल हो गया। पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया, जिसकी पहचान पश्चिम बंगाल के मालदा निवासी मोहम्मद सरजू के रूप में हुई हैं। उसे हिरासत में लेकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा है। उन्होंने बताया कि विभूतिखंड के सर्वेंट क्वाटर में इटावा का परिवार रहता है। उनकी सात साल की बच्ची कक्षा दो में पढ़ती है। आरोप है कि शनिवार शाम बच्ची किसी काम से निकली तो आरोपित सरजू उसे पकड़ कर अपने कमरे पर ले गया, जहां उसके साथ घिनौनी हरकत की। बच्ची की चीखने की आवाज सुनकर मां पहुंची तो आरोपित वहां से भाग खड़ा हुआ। परिजन बच्ची को गंभीर अवस्था में देखकर दो अस्पताल के बाद क्वीनमेरी लेकर पहुंचे। डाक्टरों ने हालत गंभीर बताते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। बच्ची ने आरोपित की फोटो देखकर पहचान की थी, तभी पुलिस उसकी तलाश में थी। आरोपित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

### पत्नी के प्रेमी को कुल्हाड़ी से काटकर उतारा मौत के घाट, अवैध संबंधों को लेकर की गई हत्या

**जालौन :** जिले के कुठौंद थाना क्षेत्र में एक पति ने अपनी पत्नी के प्रेमी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। घटना सुरावली गांव की है। मृतक की पहचान संदीप (36) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, संदीप का पवन की पत्नी माधुरी से पिछले चार वर्षों से अवैध संबंध था। शनिवार देर शाम माधुरी ने संदीप को अपने घर बुलाया। पवन ने दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। गुस्से में पवन ने संदीप पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। शोर सुनकर पवन का भाई राम जी भी वहां आ गया और उसने भी संदीप पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल संदीप को परिजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुठौंद ले गए। वहां से डॉक्टरों ने उसे उरई रेफर कर दिया। उरई पहुंचने पर संदीप की मृत्यु हो गई। प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया कि अवैध संबंधों के कारण हत्या हुई है। पुलिस आरोपी की तलाश में हैं।

### विधान परिषद् के उपचुनाव के लिए भाजपा ने की तीन उम्मीदवारों की घोषणा

**मुंबई :** महाराष्ट्र विधान परिषद् की पांच सीटों के उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के केंद्रीय कार्यालय ने रविवार सुबह तीन उम्मीदवारों की सूची घोषित की है। इस सूची में दादाराव केचे, संजय केनेकर और संदीप जोशी के नाम हैं। भाजपा ने एक सीट शिंदे समूह की शिवसेना और एक सीट अजीत पवार की राकांपा के लिए छोड़ी है। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र विधान परिषद् की रिक्त पांच सीटों पर 27 मार्च को उपचुनाव होने वाला है। इस उपचुनाव के लिए 17 मार्च को नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन है। 18 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 20 मार्च तक उम्मीदवार अपना नाम वापसी ले सकते हैं। इसके बाद 27 मार्च को सुबह 9 बजे से शाम चार बजे तक पांचों सीटों पर मतदान होगा । विधान परिषद की यह पांचों सीटें सदस्य अमाशा पडवी, प्रवीण दटके, राजेश विटेकर, रमेश कराड और गोपीचंद पडलकर के विधानसभा चुनाव जीतने के बाद रिक्त हुई हैं।

### 205 बोरा तस्करी के यूरिया के साथ चार वाहन, नगद के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार,गोदाम सील

**अररिया :** भारत- नेपाल सीमा के पास से एसएसबी 56वीं बटालियन की टीम ने नरपतगंज और फुलकाहा थाना पुलिस और कृषि विभाग की टीम के साथ शनिवार की मध्य रात्रि छापेमारी कर तीन चार पहिया और एक दो पहिया वाहन समेत 2 लाख 1 हजार 80 रुपये,205 बोरा यूरिया को बरामद किया। एसएसबी की 16 सदस्यीय टीम ने सबसे पहले गुप्त सूचना पर रात्रि करीबन 11 बजे फुलकाहा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर चौक हनुमान मंदिर के पास कार्रवाई करते हुए 9 हजार 225 किलो यूरिया जो 205 बोरा में था को जब्त किया।यह यूरिया चार पहिया वाहन टाटा इंट्रा,महिंद्रा सुप्रो, सुरो मैक्सी ट्रक,एक टीवीएस राइडर मोटरसाइकिल के साथ चारोबाइल और 2 लाख 1 हजार 80 रुपए बरामद किए।मामले में मो.सलमान पिता मो.मंजूर,मो.गुलाब पिता मो.रब्बी मियां और रंजीत कुमार पिता उमा बुधनगरिया को हिरासत में लिया। पूछताछ के क्रम में नरपतगंज के रजिस्टर्ड खाद विक्रेता सीकम लाल भगत के माल होने की जानकारी मिलने के बाद देर रात ही नरपतगंज और फुलकाहा थाना पुलिस और नरपतगंज कृषि विभाग की टीम के साथ सीकम लाल भगत के गोदाम में छापेमारी की गई,जहां भी गोदाम और बाहर में रासायनिक खाद पाए गए।टीम की ओर से दो अलग अलग स्थानों से 55 बोरा रासायनिक खाद जब्त किया गया।कृषि विभाग की टीम रविवार को भी मामले की जांच की है और मामले को लेकर मामला दर्ज किए जाने की प्रक्रिया की जा रही है।

# नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन में आईईडी बम बरामद

संवाददाता

**चाईबासाः** पश्चिमी सिंहभूम जिला में नक्सलियों के खिलाफ लगातार ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इस सर्च ऑपरेशन में सुरक्षा बलों को लगातार सफलता भी मिल रही है। पिछले दिनों पुलिस बल ने नक्सलियों के एक पुराने डंप को ध्वस्त कर भारी मात्रा में हथियार बरामद किया।

इसी को लेकर शनिवार को जिला के जराईकेला थाना क्षेत्र में बाबुडेरा के जंगली और पहाड़ी इलाके में नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान सुरक्षा बलों ने एक आईईडी बम को बरामद किया। ये बारूदी सुरंग पूर्व में नक्सलियों के द्वारा जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए लगाया गया था। बम को बरामद कर सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता की सहायता से उसे विनिष्ट कर दिया गया।



पश्चिमी सिंहभूम एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान के दौरान आज (15 मार्च 2025) को समय लगभग 9 बजे जराईकेला थानान्तर्गत बाबुडेरा के आस-पास जंगल पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाये गये एक 5 किलो का आईईडी बरामद किया गया। जिसे सुरक्षा के मद्देनजर उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता की मदद से विनिष्ट किया गया है।

इस अभियान दल में शामिल जवानों में चाईबासा जिला पुलिस, झारखंड जगुआर, कोबरा 209 बटालियन के साथ-साथ सीआरपीएफ के कई बटालियन शामिल रहे। ये दल इलाके में नक्सल विरोधी अभियान संचालित कर रहे हैं।

बता दें कि प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन, पिंटु लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ अपटन, जयकांत, रापा मुंडा अपने दस्ता सदस्यों के साथ सारंडा कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील होने की सूचना पुलिस को मिली। जिसके आलोक में चाईबासा पुलिस, कोबरा बटालियन, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ की विभिन्न बटालियन की टीमों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है। इनके संबंध में विश्वस्त सूचना प्राप्त होने के आलोक में 04 मार्च 2025 से एक विषेष संयुक्त अभियान छोटानागरा एवं जराईकेला थाना के सीमावर्ती जंगली पहाड़ी क्षेत्र में प्रारंभ किया गया है।

## जमशेदपुर में खेली गई पहलवान होली

# आदिवासी गीतों के साथ एक-दूसरे को कीचड़ लगाकर युवाओं ने की पहलवानी



संवाददाता

**जमशेदपुरः** होली पर किसी ने पानी की होली खेली तो किसी ने तिलक की, तो किसी ने रंग-अबीर के साथ होली का आनंद लिया। देहाती होली की तो बात ही अलग है जो गांव में खेली जाती है, लेकिन पहलवान होली तो शायद अब तक कही नहीं खेली जाती होगी। इसका नजारा जमशेदपुर के बिरसानगर में देखा गया। बिरसानगर में युवाओं ने कीचड़ से होली खेली। युवाओं ने बताया कि कीचड़ के साथ खेलने को पहलवान होली कहते हैं। इसमें कीचड़ में होली खेलने के साथ नाचते हैं और गाना बंद होते ही आपस में उठा-पटक भी किया जाता है जिसे पहलवान होली कहते हैं। यह आदिवासी गीतों के साथ कीचड़ में होली खेलते हुए पहलवानी करते हुए मनाया जाता है।

# कांग्रेस को हर स्तर पर मजबूत बनाना हैः इरफान अंसारी




संवाददाता

**रांची/ धनबादः** जिला कांग्रेस कमेटी के होली मिलन समारोह में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री एवं धनबाद कांग्रेस प्रभारी डॉ इरफान अंसारी का भव्य स्वागत किया गया। मंत्री के आगमन पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जोश और उत्साह के साथ उनका अभिनंदन किया। पूरे आयोजन स्थल को रंग-बिरंगे अबीर-गुलाल और फूलों से सजाया गया था, जहां मंत्री पर पुष्प वर्षा कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

इस शुभ अवसर पर मंत्री डॉ अंसारी ने सभी को होली की हार्दिक बधाइयां और शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि होली का पर्व प्रेम, सौहार्द्र और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। हमें समाज में अमन-चैन बनाए रखते हुए सभी समुदायों को साथ लेकर चलना है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि 'कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत होते हैं और सभी को मिलकर कांग्रेस को हर स्तर पर और अधिक मजबूत बनाना है। मंत्री ने समारोह में लंबे समय तक रुक कर कार्यकताओं की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

इस ऐतिहासिक होली मिलन समारोह में धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके नेतृत्व में कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। समारोह में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग भी शामिल हुए।

# कारोबारी के घर से लाखों की अवैध विदेशी शराब बरामद, गिरफ्तार

संवाददाता

**जमशेदपुर :** जुगसलाई गौशाला नाला रोड निवासी कारोबारी राजेश आहूजा के घर पर पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। बरामद शराब की कीमत 10 लाख रुपये से अधिक बतायी जा रही है।

जुगसलाई गौशाला नाला रोड निवासी कारोबारी राजेश आहूजा के घर पर पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। बरामद शराब की कीमत 10 लाख रुपये से अधिक बतायी जा रही है। पुलिस ने मकान से लाखों रुपये नकद, कुछ लीटर स्प्रिट, ड्रम और स्टीकर भी बरामद की है। गुरुवार दोपहर को हुई इस कार्रवाई में पुलिस ने राजेश आहूजा को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, इस मामले में अभी जांच जारी है। बरामद शराब की कई बोतलें महंगी ब्रांड्स की बतायी जा रही है।



होली से पहले पुलिस ने कसी नकेलः वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने होली के मद्देनजर सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया था कि किसी भी क्षेत्र में अवैध नशे के कारोबार को न चलने दिया जाये। इस आदेश के बाद जुगसलाई पुलिस सक्रिय हुई। इसी दौरान थाना प्रभारी सचिन कुमार दास को गुप्त सूचना मिली कि राजेश आहूजा के घर में अवैध शराब का भंडारण किया गया है और वहां से इसकी बिक्री हो रही है। सूचना के आधार पर जुगसलाई पुलिस ने क्यूआरटी बल के साथ घेराबंदी कर औचक छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस को भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की। सूचना के बाद डीएसपी (विधि-व्यवस्था) तौकिर अहमद भी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।

**कोलकात समेत कई शहरों से मंगायी जाती थी शराबः** प्रारंभिक जांच में पता चला है कि राजेश आहूजा कोलकाता समेत कई शहरों से शराब मंगवाकर जमशेदपुर में अवैध रूप से बेचता था। शराब की सप्लाई शहर के बड़े होटलों और बारों में भी की जाती थी। पुलिस को कुछ होटलों के नाम भी मिले हैं, जिनकी जांच की जा रही है। बरामद शराब की बोतलों में कुछ विदेशी ब्रांड भी शामिल है।

**अलमारी में सजाकर रखी थीं शराब की बोतलेंः** पुलिस को छापेमारी के दौरान शराब की बोतलें कपड़ों की तरह अलमारी में सजी हुई मिलीं। इसके अलावा, मकान के अन्य हिस्सों में भी पेटियों में भरकर शराब रखी गयी थी। पुलिस ने मौके से कई स्टीकर और स्प्रिट भी बरामद की है। फिलहाल, पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी हुई है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस अवैध शराब तस्करी में और कौन-कौन शामिल हैं।

# घर में जबरन घुसकर महिलाओं के साथ मारपीट

## मारपीट गाली गलौज व वाहन में तोड़- फोड को लेकर नवालशाही थाना में दिया आवेदन





मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमा :** डोमचांच प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम फुलवरिया थाना नवलशाही निवासी मनोज मेहता उम्र 35 वर्ष पिता छोटन मेहता ने मारपीट गाली गलौज व वाहन में तोड़- फोड को लेकर नवलशाही थाना में आवेदन दिया है। पीड़ित मनोज मेहता ने आवेदन में बताया, 15 मार्च दिन शनिवार को समय करीब साढ़े चार बजे भीमसेन मेहता पिता इंद्रनारायण मेहता उम्र 40 वर्ष ग्राम , पोस्ट फुलवरिया थाना नवलशाही निवासी ने अचानक वे मेरे घर में घुसकर मेरी पत्नी सुमन्ती देवी पति मनोज मेहता, भावो सीमा देवी पति रामलाल मेहता, सोनी देवी पति उमाशंकर मेहता घर पर थे। तो अचानक से मेरे घर में जबरन घुसकर लाठी डंडा से तीनो के साथ मारपीट के साथ भद्दी भद्दी गालियां ओर भाषा का प्रयोग करते हुए मेरे परिवार को दबंगों ने घर में बंद कर दिया। और हम बाहर में बैठे हुए थे तो वे मुझ पर अचानक से डंडे से मारपीट कर मेरा हाथ तोड दिया और मेरे बोलेरो गाडी का सीसा क्षतिग्रस्त कर दिया जो कि सीसी टीवी फुटेज में स्पष्ट है। गौरतलब हो की 8 मार्च 2023 को एक्सप्लोसिव की साजिश के तहत मेरे मोटरसाइकिल के डिक्की में रखकर प्रशासन को फोन कर दिया था। जिसके बाद प्रशासन द्वारा मुझे जेल भेज दिया गया था। भीमसेन मेहता मेरे ऊपर लगातार मारपीट वह फसाने की साजिश की घटना को लेकर लगा हुआ रहता है प्रशासन से पीड़ित ने उचित जांच पर आरोपी पर कार्रवाई की मांग किया है।

# एससी- एसटी एकता मंच ने मनाई काशीराम साहेब की जयंती



**खलारीः** एससी एसटी एकता मंच के सदस्यों द्वारा अंबेडकर पार्क डकरा में देवपाल मुंडा की अध्यक्षता में माननीय काशीराम साहेब का जयंती सादे समारोह के साथ मनाई गई इससे पूर्व काशीराम साहब की तस्वीर पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया, इस दौरान

सदस्यों ने काशीराम की जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके विचारों को रखा। काशीराम साहब बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक थे। दलितो एवं शोषितों के मसीहा थे । इन्होंने समाज को जगाने का कार्य किया। इनके बताएं रास्ते पर चलने की आवश्यकता है।इस अवसर पर देवपाल मुंडा, कन्हाई पासी, रविंद्र बैठा, रामदेव राम, रामू सतनामी, सुदेश कुमार साहू, रामेश्वर शर्मा एवं अमर लाल सतनामी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## नागपुर से 2 रॉयल बंगाल टाइगर जमशेदपुर पहुंचे, कड़ी निगरानी में हैं दोनों बाघ



**जमशेदपुरः** नागपुर से 2 रॉयल बंगाल टाइगर जमशेदपुर पहुंचे हैं। इन दोनों बाघों को कड़ी निगरानी में रखा गया है। जमशेदपुर के टाटा स्टील वन्यजीव उद्यान (टीएसजेडपी) को पशुओं के आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत नागपुर के गोरेवाड़ा चिड़ियाघर से ये दोनों रॉयल बंगाल टाइगर मिले हैं।

**2 बाघ के बदले टीएसजेडपी ने दी अफ्रीकी ग्रे तोते की जोड़ीः** टाटा स्टील वन्यजीव उद्यान ने एक बयान जारी कर कहा है कि 2 रॉयल बंगाल टाइगर के बदले में टीएसजेडपी ने साझेदार संस्थान को अफ्रीकी ग्रे तोते की एक जोड़ी दी है। इससे इन प्रजातियों के संरक्षण के प्रयासों को बढ़ावा मिलेगा।

**13 मार्च को 18 घंटे की यात्रा करके जमशेदपुर पहुंचे बाघ :** नागपुर से रॉयल बंगाल टाइगर के जोड़े (एक नर और एक मादा) को डॉ नईम अख्तर (उप निदेशक और उनके पशु चिकित्सकों और निगरानी टीम) द्वारा 18 घंटे की यात्रा के बाद 13 मार्च को एक ट्रक में नागपुर से लाया गया था। बयान में कहा गया है कि नये बाघों को बाघ बाड़े की कोठरियों में रखा गया है।

**पशु चिकित्सकों और कर्मचारियों की निगरानी में हैं दोनों बाघः** केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने चिड़ियाघर में इस लुप्तप्राय प्रजाति के जोड़े बनाने और प्रजनन के लिए विशेष रूप से इस आदान-प्रदान प्रस्ताव को मंजूरी दी है। नागपुर से जमशेदपुर लाये गये बाघों को अनुभवी पशु चिकित्सकों और चिड़ियाघर के कर्मचारियों की कड़ी निगरानी में रखा गया है।

## 12वीं की छात्रा की संदिग्ध अवस्था में मौत

**गुमला :** जिले में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां एक 12वीं की छात्रा का शव स्थानीय केश्वर बांध से बरामद हुआ है। मृतका की पहचान मुस्कान परवीन के रूप में हुई है। मुस्कान 11 मार्च से लापता थी। उसकी शादी 23 अप्रैल को लोहरदगा में तय हुई थी। परिजनों का आरोप है कि गांव के एक युवक से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और उसकी हत्या कर दी। मृतका के पिता जसीर अंसारी ने बताया कि आरोपी युवक ने मुस्कान के मंगेतर को भी फोन पर धमकी दी थी। मुस्कान तीन बहन और एक भाई में सबसे बड़ी थी। वह एसएस प्लस टू में पढ़ाई कर रही थी। परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि गुमशुदगी की शिकायत दर्ज होने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। अगर समय रहते कार्रवाई होती तो यह घटना नहीं होती। मामले की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

# झारखंड सरकार की मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना के तहत बीटेक की छात्राओं को हर साल मिलते हैं 30 हजार रुपए

संवाददाता

**रांचीः** झारखंड सरकार द्वारा लगातार कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इनमें मंईयां सम्मान योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, विवाह सहायता योजना आदि शामिल हैं, लेकिन सरकार द्वारा लागू मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना के बारे में बहुत ही कम लोगों को पता है।

कौन कर सकता है आवेदनः मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना का लाभ बीटेक करने वाली छात्राओं को मिलता है। इस योजना के तहत छात्राओं को हर साल 30 हजार रुपये दिया जाता है। वहीं, डिप्लोमा करने वाली छात्राओं को सलाना 15 हजार रुपये मिलता है। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदिका को झारखंड की स्थायी निवासी होना जरूरी है, छात्रा बीटेक के द्वितीय, तृतीय या चतुर्थ वर्ष में अध्ययनरत हो, पहले से किसी अन्य राज्य या केंद्र सरकार की छात्रवृत्ति प्राप्त कर रही छात्रा इस योजना के लिए पात्र नहीं होगी, छात्रा को पिछले वर्ष में बिना किसी बैक पेपर के न्यूनतम 50 फीसदी अंकों के साथ पास करना अनिवार्य है, परिवार की कुल वार्षिक आय 8,00,000 रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए, छात्रा को झारखंड राज्य में स्थित स्कूलों से 10वीं और 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करना जरूरी होगा, लेटरल एंट्री के लिए, 10वीं के साथ डिप्लोमा/आईटीआई/बीएससी परीक्षा झारखंड के मान्यता प्राप्त संस्थान से उत्तीर्ण होना आवश्यक है। वहीं, डिप्लोमा करने वाली छात्राओं को भी मान्यता प्राप्त संस्थान से 10वीं और 12वीं पास होना अनिवार्य है।

**कैसे करें आवेदन :** छात्राओं को सबसे पहले इसकी आधिकारिक वेबसाइट जाकर आवेदन करना होगा। आय प्रमाण पत्र या वैध राशन कार्ड, पिछले वर्ष के सेमेस्टर की मार्कशीट, 10वीं और 12वीं (या समकक्ष) परीक्षा के प्रमाण पत्र, डिप्लोमा/आईटीआई/बीएससी प्रमाण पत्र (केवल लेटरल एंट्री में प्रवेश के लिए), छात्रा द्वारा लिखा हुआ आवेदन पत्र अपलोड कर विभागाध्यक्ष ( त्डऊ) द्वारा अनुमोदित हस्तलिखित आवेदन एकेडमिक सेक्शन में जमा करने होंगे।

